उजड़ी मांग का बदला
ऑपरेशन सिंदूर

* ओड़िशा संस्करण


www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 08 मई, 2025, गुरुवार, वर्ष 10, अंक 197, वैशाख शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







## ऑपरेशन सिंदूर : भारतीय सैन्य शक्ति का लोहा दुनिया ने माना

# 7 मिनट, 24 मिसाइलें, नौ ठिकाने और 100 आंतकी ढेर

## कांपा पाकिस्तान, रोया आतंकी मसूद अजहर, कहा-हम भी मर जाते तो अच्छा था

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जम्मू कश्मीर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भारत ने बदला ले लिया। भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के भीतर एयर स्ट्राइक की। 'ऑपरेशन सिंदूर' 27 मिनट का रहा, लेकिन सात मिनट में 24 मिसाइलों से पाकिस्तान में स्थित आतंकियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इसमें 100 आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। भारत की टारगेटेड कार्रवाई और भारीय सैन्य शक्ति का पूरी दुनिया ने लोहा माना। भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान कांप गया है। वह हर क्षण तरह-तरह का बयान दे रहा। पाक ने यहां तक कहा कि अगर भारत पीछे हट जाये तो हम भी कुछ नहीं करेंगे। उधर, आतंकी अजहर अपने परिजनों के शव को देख कर बिलख-बिलख कर रोया। उसने कहा, इससे अच्छा तो मैं भी मर जाता।

### सेना ने सुबह दी कार्रवाई की जानकारी

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के करीब 9 घंटे बाद सरकार, सेना और एयरफोर्स के अफसरों ने घटना की जानकारी दी। बुधवार सुबह 10:30 बजे मीडिया ब्रीफिंग से पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो चलाया गया। इसमें बताया गया कि मंगलवार रात 1:04 बजे से 1:11 बजे के बीच 7 मिनट में 9 टारगेट तबाह किये गये। हालांकि ऑपरेशन पूरा होने में कुल 25 मिनट का समय लगा। आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद थे।

(देखें पेज-2,3,4,5,6,8)



### केवल आतंकी ठिकानों को बनाया निशाना

कर्नल सोफिया कुरैशी, एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्ट्राइक में केवल आतंकी ठिकानों पर हमले किये गये हैं। किसी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने पर हमला नहीं किया गया। हमला टार्गेटेड था। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर के ठिकानों को ही टारगेट के तौर पर सिलेक्ट किया गया था।

### आठ देशों को कार्रवाई की जानकारी दी

भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और जैसे आठ बड़े देशों से बात कर भारत के हमले की जानकारी दी। उन्होंने सऊदी अरब के मुसईद अल अइबान, यूएई के शेख तहनून और अली अल शम्सी, जापान के मसाताका ओकानो, रूस के सर्गेई शोइगु, चीन के वांग यी और फ्रांस के राष्ट्रपति के सलाहकार एमैनुएल बॉन से संपर्क किया।

### भारत ने सुरक्षा परिषद को पूरी जानकारी दी

विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी और अस्थायी सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर की पूरी जानकारी दी। दिल्ली में विदेश मंत्रालय के बाहर से आयी तस्वीरों में अधिकारियों को देखा गया। वहीं, विभिन्न देशों के राजदूतों की बैछक बुलाकर उन्हें भी ऑपरेसन के बारे में जानकारी दी गयी।

### जैश चीफ के 10 रिश्तेदार, लश्कर ए-तैयबा के कमांडर की मौत

कांधार विमान हाईजैक के मास्टरमाइंड और आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने कहा है कि बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में उसके परिवार के दस सदस्य और चार सहयोगी मारे गये हैं। अजहर ने कहा कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता। उधर, सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुरिदके स्थित मरकज तैयबा पर की गयी एयर स्ट्राइक में लश्कर-ए-तैयबा के हाइ वैल्यू टारगेट हाफिज अब्दुल मलिक मारा गया। हाफिज अब्दुल मलिक संगठन के रणनीतिक अभियानों से जुड़ा एक अहम चेहरा माना जाता था। लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर था।

### पाक का असली चेहरा आया सामने

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का दोहरा चरित्र एक बार फिर सामने आ गया। जब उसकी सेना के जवान और मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के सदस्य एक साथ तीन आतंकियों के जनाजे में नजर आये। उधर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हिफाजत कर सकता है। लेकिन भारत रुक जाता है तो हम भी रुक जायेंगे। अगर भारत पीछे हटने को तैयार है तो हम भी कदम नहीं उठायेंगे।

### सीमा के गांवों को खाली कराया जा रहा


भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से पड़ोसी देश पाकिस्तान में खलबली और बेचैनी है। नतीजतन, बौखलाये पाकिस्तानी सेना के जवान बीती रात से ही जम्मू कश्मीर के पुंछ और तंगधार इलाकों में नियंत्रण रेखा (ओलओसी) के पास स्थित गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी कर रहे हैं, जिसमें अब तक चार बच्चों समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 43 अन्य घायल हो गये हैं। सेना के अधिकारियों ने एलओसी से सटे गांव को खाली कराना शुरू कर दिया है।

## राष्ट्रपति मुर्मु से मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू से मिलने के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रपति को ऑपरेशन सिंदूर पर जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगामा हमले के बाद जो कहा था, वह कर दिखाया। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ये नया भारत है। देश के लिए यह गर्व का पल। सेना ने कम समय में सटीक हमला किया। उधर, सरकार ने गुरुवार सुबह 11 बजे सर्वदलीय बैठक बुलायी है। इसकी अध्यक्षता राजनाथ सिंह करेंगे।

## भारत ने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया है : राजनाथ सिंह



नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ करवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें सही समय पर सटीकता के साथ ध्वस्त किया। किसी भी नागरिक ठिकाने नागरिक जनसंख्या को जरा भी प्रभावित न होने की संवेदनशीलता दिखार्यी है। भारत ने अपना जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया है।

## अमित शाह ने सीमा से सटे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ की बैठक



नयी दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ एक आपात बैठक की है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी शामिल हुए। इसके अलावा लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल भी इस बैठक का हिस्सा रहे। बताया जा रहा है कि बैठक में देश की आंतरिक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गयी और सीमावर्ती राज्यों को हर स्तर पर सतर्कता और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

## न्यूज रील्स

### राहुल और खड़गे ने सरकार और सेना के हर कदम का समर्थन किया

नयी दिल्ली। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने आपरेशन सिंदूर के बाद कहा कि हम सभी सरकार और सेना के साथ हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी सरकार और सेना के साथ है और उनके हर कदम का समर्थन करती है। हम हर कार्रवाई का समर्थन करते हैं। भारतीय सेना और उसके शौर्य एवं पराक्रम पर हमें गर्व है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद करतारपुर कॉरिडोर बंद

गुरदासपुर। पीओके में एयर स्ट्राइक के बाद गुरदासपुर स्थित करतारपुर कॉरिडोर बंद कर दिया गया है। यहां से सिख श्रद्धालु पाकिस्तान में करतारपुर साहिब के दर्शन करने के लिए जाते हैं। बुधवार को भी 491 श्रद्धालुओं को करतारपुर साहिब जाना था। इनमें से 170 श्रद्धालु डेरा बाबा नानक में इमिग्रेशन चेक पोस्ट से वापस लौटा दिये गये।

# देश के 244 शहरों में ब्लैकआउट

### मॉक ड्रिल में हमले से बचने के तरीके सिखाये




**नयी दिल्ली।** देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट में ब्लैकआउट एक्सरसाइज हुई। गृह मंत्रालय ने इन जगहों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। इससे पहले, इन 244 जिलों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाये गये। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर तीन कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किये थे।

(रांची में मॉक ड्रिल, देखें पेज-5)












# केवल उन्हीं को मारा, जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा : राजनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जैसा कि आप सबको जानकारी है कि मंगलवार रात भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ करवाई की है।

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में की गयी एयर स्ट्राइक में कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। सेना की इस कार्रवाई को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, सेना ने हमारा मस्तक उंचा किया है।

**'सेना को पूरे देश की ओर से साधुवाद' :** 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 50 बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जैसा कि आप सबको जानकारी है कि आधी रात में भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है। किसी भी नागरिक ठिकाने नागरिक जनसंख्या को जरा भी प्रभावित न होने की संवेदनशीलता दिखायी है। यानि एक तरीके की सटीकता, सतर्कता और मानवता सेना ने दिखायी है। जिसके लिए मैं हमारे सेना के जवानों और अधिकारियों को पूरे देश की ओर से साधुवाद देता हूं।



## 'भारत ने हमलों के जवाब में अपना 'राइट टू रिस्पांस' का इस्तेमाल किया'

सेना को संपूर्ण संबल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी साधुवाद देता हूं। हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे अर्थात केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने, ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करके, पहले की तरह ही, इस बार भी, आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैंपों को तबाह करके करारा जवाब दिया है। भारत ने हमलों के जवाब में अपना 'राइट टू रिस्पॉन्स' का इस्तेमाल किया है।

**भारत के हमले में पाकिस्तानी जमीन पर भी चार ठिकाने बर्बाद :** रक्षा मंत्री ने कहा कि, हमारी यह कार्रवाई, बेहद सोच-समझकर, सधे हुए तरीके से की गयी है। आतंकियों के हौसले पस्त करने के उद्देश्य से, यह कार्रवाई, महज उनके कैंपों और अन्य संरचनाओं तक ही सीमित रखी गयी है। मैं पुनः हमारी सशस्त्र बलों के शौर्य को नमन करता हूं।

उन्होंने कहा, आज जम्मू कश्मीर, डूब क्षेत्र, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कई परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है। देखने में तो यह सभी भौतिक अवसंरचनाएं हैं, लेकिन मैं उदाहरण सिर्फ भौतिक अवसंरचना ही नहीं छोड़ता। हमें जो तारें दिखती हैं, जो पुल दिखायी देते हैं, वो सिर्फ दो जगहों को जोड़ने वाले नहीं होते हैं, बल्कि वो लोगों के तारों को जोड़ने वाले होते हैं। इन परियोजनाओं से, राष्ट्रीय सुरक्षा को तो सूचीबद्ध किया जाता है, साथ ही यह परियोजनाओं को, सभी क्षेत्रों में, आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ावा दिया जाता है। ये परियोजनाएं, इन क्षेत्रों में, परिवहन, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी, जिससे निश्चित रूप से यहां के निवासियों की आय में वृद्धि होगी, उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा और इन क्षेत्रों में समृद्धि आयेगी।

# एनएसए डोभाल ने 8 देशों के समकक्षों से की बात

## पाकिस्तानी आतंकी ठिकाने पर कार्रवाई की दी सूचना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और यूएइ जैसे आठ बड़े देशों से बात कर भारत के हमले की जानकारी दी।

डोभाल ने सबसे पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एवं विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत की।

इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल से बातचीत कर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।

डोभाल ने सऊदी अरब के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुसैद अल ऐबन से भी बातचीत की।

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचएच शेख तहनून से भी फोन पर बातचीत कर डोभाल ने भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात की जानकारी दी। उन्होंने यूएइ की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासचिव अली अल शम्सी से भी संपर्क किया।

डोभाल ने जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मासाताका ओकानो से भी बातचीत की।

भारत के एनएसए ने रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सेर्गेई



शोइगु से भी संपर्क साधा।

अजीत डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी से संपर्क किया।

डोभाल ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इमैनुएल बॉन से भी बात की।

**भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर कैसे कार्रवाई की, डोभाल ने पूरी जानकारी दी :** एनएसए डोभाल ने कहा, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे देशों के अपने समकक्षों को भारतीय सेना की कार्रवाई और क्रियान्वयन के तरीके के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, संतुलित, गैर-आक्रामक और संयमित कार्रवाई में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है।

**तनाव बढ़ाना भारत का इरादा नहीं :** उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत का इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान तनाव बढ़ाने का फैसला करता है तो वह दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। एनएसए डोभाल ने साफ कर दिया है कि वे आनेवाले दिनों में भी अपने समकक्षों के संपर्क में रहेंगे।




## ऑपरेशन सिंदूरः दुनिया के सामने आया पाकिस्तान का दोहरा चरित्र

# आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए सेना के अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का दोहरा चरित्र एक बार फिर सामने आ गया, जब उसकी सेना के जवान और मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के सदस्य एक साथ तीन आतंकियों के जनाजे में नजर आये। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के ताबड़तोड़ हमलों से पाकिस्तान में खौफ का माहौल है। सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए नौ स्थानों पर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। वहीं, पाकिस्तानी सेना के जवान और मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा के सदस्य बुधवार को तीन लोगों के जनाजे में शामिल हुए। ये तीनों मुरीदके में भारतीय सेना के हवाई हमले में मारे गये थे। मुरीदके लाहौर से करीब 40 किलोमीटर दूर है। जमात उद-दावा के राजनीतिक संगठन पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के प्रवक्ता ताबिश कय्यूम ने कहा कि कारी अब्दुल मलिक, खालिद और मुदस्सिर को कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज-ए-जनाजा अदा की गयी। कय्यूम खुद भी जनाजे में मौजूद थे। उन्होंने बताया कि इस जनाजे में नागरिक प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हुए। भारत की सैन्य कार्रवाई से तिलमिलाए कय्यूम ने कहा, भारत ने जो हमला किया है, उसका जवाब दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब हमला हुआ, ये तीनों लोग मस्जिद के पास एक कमरे में सो रहे थे और मस्जिद तबाह हो गयी। पाकिस्तानी मलिक, खालिद और मुदस्सिर जमात उद-दावा के सदस्य बताये जा रहे हैं और उस मस्जिद में इमाम और देखरेख करने वाले थे। नमाज-ए-जनाजा के बाद तीनों के शव दफनाने के लिए उनके पैतृक इलाकों में भेज दिये गये।














उजड़ी मांग का बदला
ऑपरेशन सिंदूर
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची 08 मई, 2025, गुरुवार, वर्ष 10, अंक 197, वैशाख शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

### एयर स्ट्राइक के बाद अफसरों ने ऑपरेशन की जानकारी दी

# आतंकवाद रोकने के लिए अधिकार का इस्तेमाल किया : विदेश सचिव

- पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह शामिल हुईं




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद सरकार, सेना और एयरफोर्स के अफसरों ने घटना की जानकारी दी। बुधवार सुबह 10:30 बजे मीडिया ब्रीफिंग से पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें बताया गया कि मंगलवार-बुधवार की रात 1:04 बजे से 1:11 बजे के बीच 7 मिनट में 9 टारगेट तबाह किये गये। हालांकि ऑपरेशन पूरा होने में कुल 25 मिनट का समय लगा। देश के इतिहास में पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद थे।


इस मौके पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम हमला कायरतापूर्ण था। इसमें परिवार के सामने लोगों की हत्या की गयी, उनके सिर में गोली मारी गयी। बचे हुए लोगों से कहा गया कि वे इस हमले का संदेश पहुंचायें। पिछले साल सवा 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक कश्मीर आये थे। हमले का मकसद था कि कश्मीर के विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाकर पिछड़ा बनाये रखा जाये। हमले का यह तरीका जम्मू-कश्मीर और देश में सांप्रदायिक दंगे फैलाने की कोशिश था। एक समूह ने खुद को टीआरएफ कहते हुए हमले की जिम्मेदारी ली। इसे यूएन ने प्रतिबंधित किया है और यह लश्कर से जुड़ा है। पाकिस्तान स्थित समूहों के लिए कवर के तौर पर टीआरएफ का इस्तेमाल किया गया। पहलगाम हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। टीआरएफ के दावे और लश्कर के सोशल मीडिया पोस्ट इसे साबित करते हैं। पहलगाम के हमलावरों की पहचान भी हुई है और भारत में सीमापार से आतंकवाद फैलाने के पाकिस्तान का प्लान उजागर हुआ है। पाकिस्तान आतंकवादियों की शरण स्थली के रूप में पहचान बना चुका है। आतंकवाद के इस निंदनीय कार्य के अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता यूएन ने भी जतायी थी। पहलगाम में 22 अप्रैल के हमले के अपराधियों और इसकी प्लानिंग करने वालों को न्याय के कठघरे में लाना जरूरी था। वे इनकार करने और आरोप लगाने में ही लिप्त रहे हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान से संबंधों को लेकर कुछ कदम भी उठाये हैं। पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों के बारे में हमें सूचना मिली थी कि वे और हमले कर सकते हैं। इन्हें रोकना जरूरी था। हमने इन्हें रोकने के अधिकार का इस्तेमाल किया है। यह कार्रवाई नपी-तुली और जिम्मेदारीपूर्ण है। हमारा एक्शन आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म करने और आतंकियों को अक्षम बनाने पर केंद्रित है।

## 'हमने 9 टारगेट चुने और स्ट्राइक में तबाह किया'

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि मंगलवार-बुधवार की रात 1.05 से 1.30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ। पहलगाम में निर्दयता से जिन निर्दोष पर्यटकों को मारा गया, उसके लिए यह ऑपरेशन किया गया। पाकिस्तान में 3 दशकों से आतंकवादियों का निर्माण हो रहा है। हमले के बाद भी यह सामने आया है। हमने पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट चुने थे और स्ट्राइक में इन्हें तबाह कर दिया गया। इन जगहों पर लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स को टारगेट किया गया। हमने विश्वसनीय सूचनाओं और इंटेलिजेंस के आधार पर इन लक्ष्यों को चुना। ऑपरेशन के दौरान हमने यह निश्चित किया कि बेगुनाह लोगों और सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान न पहुंचे। पीओके में सबसे पहले टारगेट सवाई नाला मुजफ्फराबाद में था, यह लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली। मुजफ्फराबाद के ही सैयदना बिलाल कैंप में आतंकियों को हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी। गुरपुर के कोटली में लश्कर का कैंप था, यहां पुंछ में 2023 में श्रद्धालुओं पर हुए हमले के आतंकी ट्रेंड हुए थे। पाकिस्तान में हमारा पहला टारगेट सियालकोट का सरजल कैंप था। मार्च 2025 में पुलिस जवानों की हत्या करने वाले आतंकवादियों को यहीं ट्रेन किया गया था। सियालकोट के महमूना जाया कैंप में हिजबुल का बहुत बड़ा कैंप था। यह कठुआ में आतंकवाद का नियंत्रण केंद्र था। पठानकोट हमला यहीं प्लान किया गया। मरकज तैयबा मुरीदके में टेररिस्ट कैंप है। अजमल कसाब और डेविड कोलमैन हेडली यहीं ट्रेन हुए थे। मरकज सुभानअल्लाह भावलपुर जैश का हेडक्वार्टर था। यहां आतंकवादियों का रिक्रूटमेंट होता था, उन्हें ट्रेनिंग दी जाती थी। जैश के बड़े अफसर यहां आते थे। किसी तरह की नागरिक क्षति की रिपोर्ट नहीं है, हमने रिहायशी इलाकों को निशाना नहीं बनाया है।

## देश के 18 एयरपोर्ट पर ऑपरेशन बंद

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद भारत ने 7 राज्यों के 18 एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद कर दिये हैं। इनमें से बड़े एयरपोर्ट श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर हैं। यह एयरपोर्ट्स पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। एअर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, आकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने करीब 200 फ्लाइट्स को कैंसिल किया है।








# दो महिला सैनिकों का चुनाव कर सरकार ने पाकिस्तान को क्या संदेश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सेना और वायुसेना की दो महिला अफसरों का चुनाव कर भारत ने एक और कड़ा संदेश दिया है। दरअसल पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कई मामलों में अलग था। पहला की इसमें नागरिकों को निशाना बनाया गया था। दूसरा यह कि लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें मारा गया था। तीसरा यह कि लोगों को उनके परिजनों के सामने ही मारा गया था। कई महिलाओं के सामने ही उनके पति की हत्या कर दी गयी थी। इसमें कई महिलाओं का सुहाग उजड़ गया। भारत की महिलाओं की ताकत का एहसास कराने के लिए ही भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर'की जानकारी देने के लिए दो महिला अधिकारियों को चुनाव किया। इस ऑपरेशन का नाम भी इसी संदेश को देने के लिए रखा गया।

## कौन हैं कर्नल सोफिया कुरैशी



गुजरात की रहने वाली सोफिया कुरैशी 17 साल का आयु में ही सेना में शामिल हो गयी थीं। गुजरात के वड़ोदरा की रहने वाली सोफिया कुरैशी भारतीय थलसेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर तैनात हैं। वह सिग्नल कोर में हैं। सोफिया कुरैशी सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत 1999 में शामिल हुईं थीं। उस समय उनकी आयु केवल 17 साल ही थी। उनके परिवार की पृष्ठभूमि सेना में सेवा देने की रही है। सोफिया के दादा भी सेना में थे। उनके पति सेना की मेकेनाइज्ड इन्फेंट्री में कार्यरत हैं।सोफिया कुरैशी मार्च 2016 में बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में सेना की टुकड़ी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला अधिकारी बनी थीं। ट्रेनिंग एक्सरसाइज 'एक्सरसाइज फोर्स 18' प्रोग्राम अब तक का सबसे बड़ा विदेशी सैन्य अभ्यास है। इसमें दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ 'आसियान' के सदस्य देशों भारत, जापान, चीन, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने भाग लिया था। यह महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित किया गया था।

## कौन हैं व्योमिका सिंह



व्योमिका सिंह हेलिकॉप्टर पायलट हैं। उनके पास 2500 से भी ज्यादा घंटे की उड़ान का अनुभव है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्व में कई मुश्किल ऑपरेशन को अंजाम दिया है। ऊंचे पहाड़ी इलाकों में उड़ान भरने में वो माहिर हैं। उन्होंने नवंबर 2020 में अरुणाचल प्रदेश में आयी आपदा में लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला था। उन्होंने 2021 में 21,650 फुट ऊंची 'माउंट मणिरंग' चोटी पर फतह हासिल की थी। यह एक तीनों सेनाओं की ऑल-वुमन माउंटेन एक्सपीडिशन का हिस्सा थीं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाली व्योमिका ने एक इंटरव्यू में पायलट बनने के अपने सपने के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था, मैं छठी क्लास में थी जब एक दिन स्कूल में नामों के मतलब पर चर्चा हो रही थी। मैंने बताया कि मेरे नाम का मतलब 'व्योम' यानी आसमान होता है। तभी क्लास के पीछे से किसी ने कहा- तो तू तो आसमान की मालिक है, तू तो 'व्योमिका' है। मेरी क्लास टीचर ने भी कहा था कि मैं एक दिन आसमान पर राज करूंगी, पायलट बनूंगी और उस दिन से मेरे दिल में बैठ गया कि मुझे पायलट बनना है। उनका चयन लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की एक परीक्षा के जरिए वायुसेना के पायलट के रूप में हुआ था। इस तरह उनका पायलट बनने का सपना साकार हुआ था।

## महत्वपूर्ण खबरें

### भारत ने पाक को दिया मुंहतोड़ जवाब, हमें अपनी सेना पर गर्व है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



धनवार (आजाद सिपाही)। पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने आपरेशन सिंदूर पर कहा कि मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा, सो किया। भारत ने आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पाकिस्तान के आतंकवादियों पर हमला कर पहलगाम का बदला लिया है। हमारी सेना ने अपनी गौरव क्षमता को दिखाते हुए आतंकी ठिकानों को नष्ट किया है। हमें अपनी सेना पर गर्व है। उसकी शौर्य को सलाम है।पहलगाम घटना के बाद बहुत ही सुनियोजित तरीके से हमले को अंजाम दिया गया है। हमारी सेना शक्ति संपन्न है, जो दुश्मनों से लड़ने में सक्षम है। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर हमें गर्व है और देश की जनता अपनी सेना के साथ है।

### ऑपरेशन सिंदूर: भारत की दूरदर्शिता और अखंडता का प्रतीक : अजय राय



रांची (आजाद सिपाही)। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर भारत द्वारा सफलतापूर्वक किये गये ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भाजपा झारखंड के मीडिया संपर्क विभाग के संयोजक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय राय ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बताया है। श्री राय ने कहा कि यह अभियान न केवल हमारी सुरक्षा एजेंसियों की रणनीतिक क्षमता को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि भारत अब किसी भी आतंकी गतिविधि का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, भारत के सुरक्षा तंत्र की परिपक्वता और सैन्य शक्ति का परिचायक है। यह कार्रवाई यह संदेश देती है कि भारत अब 'सहनशीलता' से आगे बढ़कर 'सशक्त प्रतिकार' के मार्ग पर है। भारतीय जनता पार्टी इस कार्रवाई का पूर्ण समर्थन करती है और शहीदों को नमन करते हुए देश के वीर जवानों के पराक्रम को सलाम करती है।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विंग के छात्रों के लिए अलंकरण समारोह बड़े गर्व और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत के साथ हुआ। साथ ही नवनिर्वाचित परिषद सदस्यों द्वारा एक अनुशासित मार्च निकाली गयी जिसमें एकता और टीम वर्क की भावना का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या द्वारा विद्यालय का झंडा हेड ब्वॉय और हेड गर्ल को सौंप दिया गया, जो जिम्मेदारियों के हस्तांतरण का प्रतीक था। इसके बाद नवनिर्वाचित परिषद सदस्यों को औपचारिक रूप से उनकी भूमिकाओं में शामिल करते हुए बैज प्रदान किये गये। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने नवनिर्वाचित युवा छात्रों को बधाई दी और उन्हें जिम्मेदार, दयालु और कर्तव्यनिष्ठ बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

## ये कार्रवाई रुकनी नहीं चाहिए, ऑपरेशन सिंदूर पर विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी की पीएम से अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंडीगढ़।** पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए करनाल के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर की गयी एयर स्ट्राइक पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, इसे जरूरी कार्रवाई बताया है। रोते हुए हिमांशी ने कहा कि मेरे पति ने इसलिए सेना ज्वाइन की थी कि देश में शांति हो और आतंकियों का खात्मा किया जा सके। उन्होंने कहा, इस ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी और देश की सेना को धन्यवाद करती हूं लेकिन भारतीय सेना की ये कार्रवाई यहीं नहीं रुकनी चाहिए, आतंकवाद का पूरी तरह से सफाया होना चाहिए। हिमांशी ने कहा, बेशक मेरे पति इस ऑपरेशन के दौरान जिंदा नहीं हैं, लेकिन उनकी आत्मा यहीं है। मुझे आशा है और भगवान से यही प्रार्थना है कि ऑपरेशन सिंदूर से विनय की आत्मा को शांति मिली होगी। जिन लोगों ने मासूम लोगों की जान ली, परिवार खराब किये, उन लोगों को सख्त सजा मिली है। मैं चाहती हूं कि आतंकवाद पूरी तरह से खत्म हो। ताकि उनकी तरह इस तरह की पीड़ा और सदमे से किसी दूसरे इंसान को ना गुजरना पड़े।

### ऑपरेशन सिंदूर नाम से जुड़ाव महसूस करती हूं

पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक को ऑपरेशन सिंदूर नाम देने पर हिमांशी ने कहा कि मैं इस नाम से काफी ज्यादा कनेक्ट करती हूं क्योंकि मेरी तो अभी शादी हुई थी और मेरी तो जिंदगी छीन ली गयी। एक लम्हे में मेरी जिंदगी बदल गयी। जितने भी लोग पहलगाम में मारे गये, उनकी पत्नी और परिवार ने बहुत कुछ सहा है। यह ऑपरेशन बताता है कि इस तरह का कुछ भविष्य में नहीं होना चाहिए। जो कुछ हुआ उसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता है लेकिन, बस उम्मीद है कि किसी के साथ ऐसा ना हो। उन्होंने कहा, सेना के इस ऐक्शन से मुझे शांति जरूर मिली है। साथ ही उन्होंने अपने पति को शहीद का दर्जा देने की भी मांग भारत सरकार से की है।

## भारतीय सेना ने अद्भुत शौर्य का परिचय दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर नाम से पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों पर जवाबी हमला किया। यह हमला मंगलवार देर रात करीब 1:05 बजे किया गया, जिसमें बहावलपुर सहित जैश-ए-मोहम्मद के कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई प्रारंभ कर दी है। भारतीय सेना अपने चिर परिचित अंदाज में अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मन के घर में घुस कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। हमारे देश की ओर आंख उठाकर भी देखने वाले आतंकवादियों और उसके रहनुमाओं का सिर कुचल दिया जायेगा।

### हमें भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व है : विहिप



रांची (आजाद सिपाही)। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के द्वारा 09 आतंकवादी ठिकानों पर हमलाकर उसका नामोनिशान मिटा दिया गया जो भारतीय सेना की श्रेष्ठ शौर्य प्रदर्शन व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित दिल्ली सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम है। विश्व हिंदू परिषद झारखंड-बिहार के सहमंत्री डॉ बिरेंद्र साहू ने कहा अपने सेना के शौर्य पर हमें गर्व है। हमारी सेना ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गये हिंदुओं बहनों के सुहाग का सिंदूर की मान रखते हुए 100 आतंकवादियों को मारकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गयी है। पाकिस्तान के द्वारा प्रायोजित आतंकवादियों के आकाओं को यह पता चल गया कि 24 मिसाइलों के द्वारा आक्रमण हो जाता है और उन्हें पता भी न चलता, यह सिर्फ और सिर्फ भारतीय सेना का शौर्य ही कर सकता है। डॉ साहू ने कहा यह आतंकवाद एवं आतंकवादियों के खिलाफ हमला है।

## हमें भारतीय सेना पर गर्व है : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम किया है। श्री महतो ने इस ऑपरेशन को राष्ट्र की सुरक्षा और एकता के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन से भारतीय सेना ने राष्ट्र के स्वाभिमान और सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। सेना ने आतंक का मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण है। हमारे सैनिकों ने अपने अदम्य साहस, अनुशासन और समर्पण से आतंकवाद और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को करारा जवाब दिया है। यह ऑपरेशन न केवल हमारी सेना की ताकत को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि भारत की संप्रभुता और अखंडता से कोई समझौता नहीं हो सकता।


### ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ भारत का सख्त जवाब है : अमर बाउरी



रांची (आजाद सिपाही)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा है कि पहलगाम में 28 बेगुनाहों पर धर्म पूछ कर गोलियां चलाने वाले आतंकी के खिलाफ भारत की सरकार और भारतीय सेना ने कार्रवाई शुरू कर दी है। देर रात पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला होने के बाद पूरे भारत में गर्व का माहौल है। देश यह मान रहा है कि अब हम सभी भारतीय सुरक्षित हाथों में है। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत के नागरिकों की सुरक्षा और संप्रभुता पर अगर खतरा आता है तो भारत को प्रतिक्रिया देना लाजमी है।


## महत्वपूर्ण खबरें

### अदाणी पावर प्लांट परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन



गोड्डा (आजाद सिपाही)। अदाणी पावर प्लांट परिसर में केंद्र सरकार और जिला-प्रशासन के निर्देशानुसार बुधवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल शाम 4 बजे से शुरू होकर 4:25 तक चला। इस अभ्यास में अदाणी पावर के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल को तीन चरणों में संपन्न किया गया, जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में त्वरित और सुरक्षित प्रतिक्रिया देना था। पहले चरण में सायरन बजाकर कर्मचारियों को सतर्क किया गया और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। दूसरे चरण में आग लगने की काल्पनिक घटना के जरिए आग पर काबू पाने का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही धमाकों में घायल हुए कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार के लिए चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाया गया और आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाने का अभ्यास किया गया। तीसरे और अंतिम चरण में गंभीर रूप से घायल लोगों को एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। मॉक ड्रिल के दौरान सिक्योरिटी हेड सुब्रत देवनाथ और सेफ्टी हेड रणधीर कुमार ने कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में अपनायी जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अदाणी पावर के स्टेशन हेड प्रसून चक्रवर्ती ने बताया कि इस प्रकार की ड्रिल न केवल कर्मचारियों को सतर्क करती है, बल्कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। इस कार्यक्रम में स्थानीय मोतिया ओपी के प्रभारी महावीर पंडित और उनकी टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### शारदा ग्लोबल स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को शारदा ग्लोबल स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्रों को जीवन रक्षा एवं उसके उपाय बताये गये। बच्चों को सर्वप्रथम सराकर द्वारा भेजा गया वीडियो दिखाया गया। इसके अंतर्गत सायरन बजते ही सारे बच्चे जो कक्षा में उपस्थित थे पर्दे लगाकर अंधेरा कर दिया एवं बेंचे के नीचे और पीछे छिप गये। बाहर जो छात्र थे वे अपने बचाव के लिए सिर के पीछे हाथ रखकर लेट गये। शिक्षकों ने छात्रों को विचलित एवं नहीं डरने को कहा। बड़े बच्चों ने छोटे बच्चों को सुरक्षा दी। इस मॉक ड्रिल के अंतर्गत प्राथमिक उपचार का उपयोग करना सिखाया और घर जाकर अभिभावकों को भी बताने को कहा गया कि अगर किसी भी प्रकार की विपत्ति आती है तो स्वयं की सुरक्षा एवं दूसरों की सहायता कैसे कर सकते हैं। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर एवं शिक्षकों ने भी मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया एवं छात्रों को प्रोत्साहित किया।

### कामाख्या सिंह की मां शांति देवी का निधन भानु प्रताप सिंह ने शोक व्यक्त किया



रांची (आजाद सिपाही)। कामाख्या सिंह की मां शांति देवी का बुधवार को दिन के 12 बजे गाड़ीखाना स्थित निवास पर निधन हो गया। गुरुवार को सुबह दस बजे हरमू मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया जायेगा। शांति देवी के निधन पर समाजसेवी भानु प्रताप सिंह ने शोक व्यक्त किया है। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की है और परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। शोक व्यक्त करनेवालों में कृपा शंकर सिंह, काली प्रसाद सिंह, बबलू सिंह, संजय सिंह और सुरेंद्र सिंह आदि शामिल हैं।

## किसी भी संस्थान की प्रतिबिंब होती है शोध पत्रिका : कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को अपराह्न 3 बजे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के प्रशासनिक भवन में विज्ञान संकाय के पहले साइंस जर्नल का लोकार्पण कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के द्वारा किया गया। इस शोध पत्रिका या साइंस जर्नल में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के सभी विभागों के प्राध्यापकों के वैज्ञानिक विषयों से संबंधित विभिन्न शोध आलेख समाहित है। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की शोध पत्रिका उस विश्वविद्यालय का प्रतिबिंब होती है। जिसमें वहां के शिक्षाविदों के विशिष्ट विषयों पर विचार अंतर्निहित रहते हैं। अगर हम विभिन्न संकायों की बात करें तो सामाजिक संकाय, विज्ञान संकाय और मानविकी संकाय के जर्नलों के माध्यम से प्रत्येक विषय से संबंधित शोध आलेख प्रकाशित किये जाते हैं जो न ज्ञान का स्रोत होती हैं बल्कि शोध के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक का कार्य करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय के द्वारा सामाजिक संकाय और मानविकी संकाय के जर्नल प्रकाशित किये जाने हैं। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने भी जर्नल के प्रकाशन पर अपने विचार व्यक्त किये। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित डीएसपीएमयू जर्नल ऑफ नेचुरल साइंसेज, पत्रिका के मुख्य संरक्षक कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, संरक्षक, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, मुख्य संपादक, डीन, साइंस डॉ ईश्वरी प्रसाद गुप्ता, संपादक, डॉ शालिनी लाल और प्रबंधकीय संपादकों में डॉ खुर्शीद अख्तर और डॉ जेपी शर्मा शामिल है। आज लोकार्पण के मौके पर उपरोक्त सभी संपादकीय सदस्यों के साथ इस जर्नल में प्रकाशित सभी शिक्षकों की मौजूदगी रही। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

### प्रधानमंत्री ने बहनों की सिंदूर का जवाब ऑपरेशन सिंदूर से दिया: संजय कुमार जायसवाल

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों हमारे देश के सैनिक द्वारा किये करवाई पर गैलेक्सी मॉल के पास मिठाइयां बांटी आतिशबाजी की तिरंगा झंडा लेकर जश्न मनाया। संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। जिस तरह आतंकवादियों ने कायराना हरकत किया बहनों का मांग का सिंदूर उजाड़ दिया, यह घटना पूरे देश में झकझोर दिया था। आज ऑपरेशन सिंदूर ने उन बहनों को न्याय दिलाने का काम किया है, बल्कि पूरे के पूरे भारत में गर्व का माहौल है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ललित नारायण ओझा, शुभम कुमार जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, सुजीत वर्मा, ललन सिंह, राजू शर्मा, कुंदन कुमार, सुरेंद्र चौधरी, दिनेश कुमार, रिंकू कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## नरेंद्र मोदी ने वादा कर आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया : प्रतुल शाह देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि आतंकवादियों और उनको शह देने वाले को मिट्टी में मिला देंगे। वादे के अनुसार समय, तिथि और जगह भी भारतीय सेना ने चुना और आतंकियो को मिट्टी में मिला दिया। प्रतुल ने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व वाला नया भारत है। यहां आतंकवाद के लिए जगह नहीं है। बल्कि अब देश के सुरक्षा बल सीमा पार घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला करते हैं। प्रतुल ने कहा कि उम्मीद है पिछले बार की तरह सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक का सबूत मांग रहे लोगों को इस बार काफी सुबूत मिल गया होगा। प्रतुल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने उन महिलाओं के जख्म पर मलहम लगाने का काम किया है जिनके सिंदूर को आतंकवादियों ने पहलगाम हमले में छीन लिया था। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार कृत संकल्पित है कि आतंकवाद के खिलाफ जंग आगे भी जारी रहेगी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 14378 date 03.04.2025, I, Brajesh Prasad S/o Prabhu Nath Prasad R/o Village House No.904 Sri Nagar Colony Bal Govind High School Tetri Toli P.o. P.s. Namkum District Ranchi 834010 UID NO. 4666 1966 7036 do hereby solemnly affirm and declare as follows;

1. That I am an INDIAN CITIZEN BY BIRTH.
2. That KAMYA PATEL is my daughter.
3. That in AADHAR CARD NO. 3201 8681 3962 my daughter's name is wrongly mentioned as PURAN BEDI PATEL IN PLACE OF KAMYA PATEL.
4. That purpose of this affidavit is for correction actual name of my daughter as KAMYA PATEL in her above mentioned AADHAR CARD NO. 3201 8681 3962.
5. That contents of this affidavit is true and genuine, if any willfound wrong then I am fully responsible for same.

# रांची में बजा सायरन, हुआ ब्लैक आउट

### आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए डोरंडा में मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बने युद्ध के हालातों को देखते हुए आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए भारत सरकार ने बुधवार को देशभर में मॉक ड्रिल (सुरक्षा अभ्यास) करने के निर्देश दिये थे। इसी सिलसिले में बुधवार को झारखंड की राजधानी रांची समेत कई अन्य शहरों में भी यह सुरक्षा अभ्यास किया गया।

रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी चंदन सिन्हा दोनों खुद ड्रिल की निगरानी कर रहे थे। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद प्रशासनिक स्तर से लेकर एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, पुलिस प्रशासन समेत अलग-अलग विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों को इस मॉक ड्रिल में शामिल किया गया। आम नागरिकों को भी बचाव के तरीके सुझाये गये। विद्यार्थियों को हमले के हालात से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही दूसरों को किस प्रकार से राहत पहुंचायी जाये, इस संबंध में तरीके सुझाये गये। रांची में हुई मॉक ड्रिल के दौरान मेकॉन इलाके में हमले के अलर्ट को लेकर सायरन बजाये गये और कुछ देर के लिए ब्लैक आउट किया गया। शहर के डोरंडा इलाके में जाने वाले सभी रास्तों पर बेरिकेटिंग करते हुए रास्तों को रोक दिया गया। मॉक ड्रिल के मद्देनजर सड़कों पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रही। मेकॉन इलाके में हर ओर पुलिस के जवान, अधिकारी और ग्राउंड वर्कर मौजूद रहे। मॉक ड्रिल के दौरान लोगों को सतर्क करते हुए उन्हें खतरे के दौरान उससे बच निकलने की जानकारी दी गयी। उधर एनडीआरएफ की ड्रिल के दौरान मेकॉन भवन में आग लगने पर उससे निपटने का अभ्यास किया गया। इस दौरान वहां पानी की बौछार की गयी और मेकॉन में कार्यरत कर्मचारियों को एक बस से निकालकर दूसरे स्थान पर ले जाया गया। इससे पहले एंबुलेंस से भी लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। आम जनता का सहयोग भी सराहनीय रहा। लोग प्रशासन की बात मानते हुए निदेशों का पालन कर रहे थे। कई स्थानों पर स्थानीय लोग भी राहत टीम की मदद करते दिखे।










## AFFIDAVIT



As per the affidavit No.123 dated 16th April 2025, I, Avinash Kumar, son of Dinesh Yadav, resident of Village Kauwal, Post Kauwal, Police Station Chhatarpur, District Palamu, State Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare the following:1. That I am a permanent resident of the above-mentioned address.2. That my real and correct name is Avinash Kumar, as recorded in my matriculation academic certificate.3. That, however, in my Aadhaar card, my name has been mistakenly mentioned as Abhijit Kumar.4. That I am known by both names, Avinash Kumar and Abhijit Kumar, within my family and surroundings. Both names refer to one and the same person.5. That I am making this affidavit to declare that both names belong to one individual and to support the correction of my name in the Aadhaar card based on the name recorded in my educational certificate.I, Avinash Kumar, the deponent, do hereby solemnly affirm that the above statements are true and correct to the best of my knowledge and belief. If any part of this declaration is found to be false, I shall be solely responsible and liable for the consequences.

## पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. SNTCSBPOT83
दिनांक : 02.05.2025

**कार्य का नाम :** "बलांगीर-खोरधा के नई BG लाइन परियोजना में पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मण्डल में चारीछक, आडणीगड़, बाणीगोछा एवं बुगुड़ा में सिग्नल कार्य का निष्पादन, महत्वपूर्ण (Critical) सामग्रियों की आपूर्ति एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI) की आपूर्ति, संस्थापन तथा शुरुआत।"

**अनुमानित लागत :** ₹ 27,24,28,055/-, EMD : ₹ 15,12,200/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 (चौबीस) महीने।

**ई-निविदा बंद/खुलने की तिथि व समय :**
दिनांक : 26.05.2025 को 1530 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण : www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे। इंटरनेट से डाउनलोड किए गए निविदा दस्तावेज एवं कार्यालय में उपलब्ध मास्टर कॉपी के बीच किसी तरह का अंतर होता है, तो कार्यालय की मास्टर कॉपी मान्य होगी और निविदा आवेदनकारी(ओं) पर बन्धनकारी होगा। इस पर किए गए किसी दावे पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

डिप्टी चीफ सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर/निर्माण/सम्बलपुर
PR-20/CI/25-26

## पूर्व मध्य रेल

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**
**विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदाएँ**

वरीय मंडल विद्युत अभियंता (विद्युत सामान्य) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या : ईएल/10/ओपन/2025–26, क्रम सं० : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** कार्य का नाम : धनबाद डिवीजनः धनबाद डिवीजन में स्टाफ क्वार्टर और सर्विस बिल्डिंग की रिवायरिंग के लिए तीन साल के लिए रखरखाव अनुबंध। (कार्य समापन अवधि : छत्तीस माह), **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** ₹ 40,29,923.90, **3. बिड सिक्युरिटि :** ₹ 80,600.00, **4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथिः दिनांक 28.05.2025 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि : दिनांक 28.05.2025 को 11:00 बजे के बाद**। 5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।


वरीय मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0212/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25–26/32









# उजड़े सिंदूर की कीमत पाकिस्तान और उसके आतंकियों को बता डाला भारत ने

## ■ घुस कर मारा भी, दहाड़ा भी और पाकिस्तान को उसकी औकात बता दी

## ■ जैश-ए-मोहम्मद चीफ मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग मारे गये, कहा काश मैं भी मर गया होता

## ■ बिहार में बोला, पीओके में ठोका: मधुबनी में मोदी ने कहा था आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी

**भारतीय** सेना ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के ठिकानों पर हमला बोल बता डाला कि भारतीय महिलाओं की सिंदूर की कीमत क्या होती है। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 मिनट पर पाकिस्तान और पीओके के भीतर एयर स्ट्राइक कर दी। इस हमले में 7 शहरों के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गये हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गयी है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डॉयरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। न्यूज एजेंसियों के मुताबिक पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर की पूरी रात मॉनिटरिंग कर रहे थे। कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। 1971 में पाकिस्तान पर हमले के बाद यह पहली बार है, जब तीनों सेनाओं ने एक बार फिर 54 साल बाद आतंकी ठिकानों पर संयुक्त रूप से कार्रवाई की है। इसमें आर्मी, नेवी और एयरफोर्स शामिल हैं।

पहलगाम हमले के 11वें दिन 3 मई को दिल्ली के साउथ ब्लॉक में एक मीटिंग हुई। इस मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयरफोर्स चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह और नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल हुए। इस हाइ लेवल मीटिंग के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म होना शुरू हुआ। पाकिस्तान की धड़कनें बढ़ने लगीं। वहीं भारतवासियों को इंतजार था कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ जल्द कोई बड़ा एक्शन ले। जिस तरह से भारत ने 6-7 मई की आधी रात को ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया, इससे तो यही लगता है कि उस दिन की हाई प्रोफाइल मीटिंग में यही तय हुआ होगा कि पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर एक बार फिर एयरस्ट्राइक की जायेगी। मीटिंग वाले दिन ही प्लानिंग में शामिल अफसर साउथ ब्लॉक में शिफ्ट हो गये। 5 मई को हमले का प्लान पीएम मोदी को दिखाया गया। इसके साथ पहलगाम हमले के बदले के लिए ऑपरेशन सिंदूर को मंजूरी मिल गयी। आखिरकार इंडियन एयरफोर्स ने 6-7 मई की आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की।



सिर्फ 25 मिनट चले ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के 7 शहरों में 9 आतंकी ठिकाने तबाह कर दिये।

### जब मोदी ने कहा था कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को बिहार के मधुबनी में थे। पहलगाम हमले पर उन्होंने कहा, 'मैं स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि इन आतंकियों को और इस हमले की साजिश करने वालों को उनकी कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल कर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।' यह इशारा था कि कुछ बड़ा होने वाला है। 29 अप्रैल को पीएम नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के चीफ के साथ मीटिंग की। ऐसी ही एक और मीटिंग 3 मई को दोबारा हुई। इसी में तय हुआ कि पाकिस्तान में चल रहे टेरर कैंप खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है। इसके बाद तीनों सेनाओं के चुनिंदा अफसरों की टीम बनायी गयी। टीम को साउथ ब्लॉक में ही क्वारैंटाइन किया गया। किसी को बाहर जाने या किसी से कॉन्टैक्ट करने की इजाजत नहीं थी। उन्हें पर्सनल फोन इस्तेमाल करने या परिवार से बात करने की भी परमिशन नहीं दी गयी। 5 मई को एनएसए अजीत डोभाल ने ऑपरेशन का प्लान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंजूरी के लिए सौंपा।

### भारत ने पाकिस्तान में 100 किमी घुसकर हमला किया

ऑपरेशन सिंदूर के लिए 6-7 मई की रात को चुना गया। सेना ने देर रात 1:51 बजे सोशल मीडिया पर ऑफिशियल बयान जारी कर कहा- इंसाफ हो गया। साथ में ऑपरेशन सिंदूर की फोटो भी शेयर की। ऑपरेशन सिंदूर पूरा होने से ठीक पहले भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में टैंकों से फायरिंग, लड़ाकू विमानों से मिसाइल लॉन्च और हमले की ट्रेनिंग ले रहे सैनिक थे। इसके साथ संस्कृत में लिखा 'प्रहाराय सन्निहिताः, जयाय प्रशिक्षिता' यानी हमला करने के लिए तैयार, जीतने के लिए प्रशिक्षित। 7 मई को सेना ने प्रेस ब्रीफिंग में ऑपरेशन की जानकारी दी। आर्मी से कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि ऑपरेशन रात 1:05 और 1:30 बजे के बीच हुआ। पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट की पहचान की गयी थी। इन्हें तबाह किया गया। आतंकियों के लॉन्च पैड और ट्रेनिंग सेंटर्स को निशाना बनाया गया।

इंडियन एयरफोर्स ने 100 किलोमीटर दूर तक 24 मिसाइलों से कुल 9 ठिकानों को तबाह कर दिया। इनमें कुछ मस्जिदें भी थीं, जो आतंकियों के बेसकैंप की तरह इस्तेमाल हो रही थीं। हमले में आर्मी और नेवी का भी सपोर्ट लिया गया। ऑपरेशन में मिसाइल और ड्रोन इस्तेमाल किये गये। पीएम मोदी पूरी रात ऑपरेशन की निगरानी करते रहे। एनएसए अजीत डोभाल ने तीनों सेनाओं के बीच कोऑर्डिनेशन बनाया। उन्हें आतंकी शिविरों की पहचान की जिम्मेदारी दी गयी थी।

### रॉ ने 21 टारगेट की लिस्ट दी, 9 पर मिसाइलों से अटैक

सेना से जुड़े एक अधिकारी पहचान जाहिर ना करते हुए बताते हैं, 'हमले के लिए भारत की खुफिया एजेंसी रॉ और नेशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन ने 21 आतंकी ठिकानों के इनपुट दिये। इनमें से 9 सबसे अहम टारगेट चुने गये। एनएसए अजीत डोभाल ने तीनों सेनाओं के चुनिंदा अफसरों की टीम बनायी। उसे ब्रीफ किया गया कि ऑपरेशन का मकसद आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा की टॉप लीडरशिप को निशाना बनाना है। एयरफोर्स ने जिन 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, उनमें 4 पाकिस्तान में और 5 ठिकाने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे। इनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का हेडक्वॉर्टर, कोटली में आतंकी ट्रेनिंग कैंप, मुजफ्फराबाद में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना, मुरीदके में लश्कर का हेडक्वॉर्टर और बाग में हिजबुल मुजाहिदीन का अड्डा शामिल है। सेना ने साफ किया कि ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तानी सेना को निशाना नहीं बनाया गया। ऑपरेशन का मकसद सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं थी। यह दुनिया को मैसेज देने के लिए था कि भारत अब आतंकवाद पर सिर्फ बयानबाजी नहीं करेगा। सटीक और असरदार सैन्य कार्रवाई से जवाब देगा। उनके साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पीओके के मुजफ्फराबाद में सवाई नाला में लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली थी। सैयदना बिलाल कैंप में हथियार और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी। कोटली गुरपुर कैंप लश्कर का है। पुंछ में 2023 में श्रद्धालुओं पर हुए हमले के आतंकी यहीं ट्रेंड हुए थे। बरनाला कैंप भिंबर में हथियार हैंडलिंग सिखायी जाती थी। अब्बास कैंप कोटली एलओसी से 13 किमी दूर है। यहां फिदायीन तैयार होते हैं। यह भी क्लियर किया गया कि इस हमले में भारत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

### जैश के चीफ मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग मरे

एयर स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गये हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा का हाफिज अब्दुल मलिक भी शामिल है। मलिक मुरीदके स्थित मरकज तैयबा पर हुई एयर स्ट्राइक में मारा गया। हाफिज अब्दुल मलिक संगठन का अहम चेहरा माना जाता था और लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने कहा है कि सुभान अल्लाह मस्जिद पर हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गये हैं। मरने वालों में मसूद अजहर की बहन का पति भी शामिल है।









जय हिन्द

# शौर्य, वीरता, पराक्रम,

अदम्य साहस और बलिदान के प्रतीक भारतीय सेना के

# सभी वीरों को सलाम

एक शुभचिंतक

## धनबाद परिवार

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 मई, 2025
www.azadsipahi.in



# भारत की सैन्य शक्ति को लोगों ने किया सलाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा/ लातेहार/गढ़वा।** पहलगाम हमले का बदला लेने से लोहरदगा, लातेहार और गढ़वा क्षेत्र के लोग खुश हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की और भारत की सैन्य शक्ति को सलाम किया। लोगों ने कहा कि भारत ने पूरे विश्व को अपनी शक्ति दिखा दी। पाकिस्तान का असली चेहरा भी उजागर हो गया है। सभी लोगों ने कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार और सेना का बधाई दी।

## ऑपरेशन सिंदूर से देशवासियों को मिला न्याय : दीपक सर्राफ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती लोहरदगा के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा है कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बेकसूर नागरिकों की निर्मम हत्या से पूरा देश क्षुब्ध था। यह आतंकवादी कृत्य न केवल अमानवीय था, बल्कि भारत की आत्मा को झकझोर देने वाला था। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद पूरे देश की भावनाएं आक्रोश से भरी थीं और हर भारतवासी चाहता था कि ऐसे आतंकियों और उन्हें पनाह देने वाले देश को सख्त सबक सिखाया जाये। दीपक सर्राफ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' न केवल आतंकवादियों पर निर्णायक प्रहार है, बल्कि यह उन सभी शक्तियों के लिए स्पष्ट संदेश है जो भारत की एकता, शांति और संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस करते हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि आतंक का समर्थन करने वाले देशों को हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग किया जाये।

## डॉ टी साहू ने भारतीय सेना को दी बधाई



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता पर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के लोगों ने भारतीय सेना की जांबाजी की भरपूर प्रशंसा की है। बुधवार की सुबह विभिन्न न्यूज चैनलों के माध्यम से मिली जानकारी के बाद इलाके के लोगों में ऑपरेशन सिंदूर की चर्चाएं होने लगी। एयर फोर्स जवानों के पराक्रम की चर्चा लोगों ने खुलकर की और कहा कि यह सही समय पर उठाया गया एक बेहतरीन कदम है। पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय फाइटर ने मिसाइल दाग कर नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी के आजीवन संरक्षक सह प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ टी साहू ने बताया कि पाकिस्तान में इस बार पल बढ़ रहे आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म कर देना है। भारतीय फौज के इस अभियान पर हमें गर्व है और निश्चित तौर पर विश्व की शक्तिशाली फौज में से एक आने वाले दिनों में भी अपने मिशन को हर हाल में पूरा करेगी।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने दी बधाई



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले के जवाब में सफलतापूर्वक अंजाम दिये गये ऑपरेशन सिंदूर को देश का गौरव बताते हुए इस अभियान में शामिल जांबाज सैनिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई भारत की सैन्य शक्ति और राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है, जिसने आतंक के आकाओं को करारा जवाब दिया है। भाजपा नेता ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल जैसे आतंकी संगठनों को भारतीय सेना ने नेस्तनाबूद कर दिया है। पहलगाम की घटना के महज 15 दिन के भीतर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में की गई इस निर्णायक कार्रवाई ने वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को नयी ऊंचाई दी है।

## भारतीय सेना की वीरता पर हमें गर्व : सचिन कुमार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने आज दिखा दिया है कि किस प्रकार से ईट का जवाब पत्थर से दिया जाता है। आज हमारे देश के सैनिकों ने कई आतंकवादियों के ठिकानों के उपर ताबड़तोड़ मिसाइल हमला कर पाकिस्तान को करारी जवाब दिया है। हमें भारतीय सेना पर पूर्ण विश्वास था कि हमारे देश के वीर योद्धा एक न एक दिन पाकिस्तान के उसे नापाक इरादों को सफल नहीं होने देंगे। हम सब उन सभी वीर जवानों व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री रक्षा मंत्री, गृह मंत्री,के आभारी हैं।

## राजस्थान से लौटे पहलवानों का गढ़वा में स्वागत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जयपुर (राजस्थान) में आयोजित राष्ट्रीय ट्रेडिशनल कुश्ती प्रतियोगिता फेडरेशन कप 2025 में झारखंड की महिला और पुरुष कुश्ती टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए राज्य और गढ़वा का नाम रोशन किया। 1 से 4 मई तक चले इस मुकाबले में खिलाड़ियों ने कुल 11 पदक (8 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य) जीतकर नया इतिहास रचा। बुधवार सुबह जब ये खिलाड़ी गढ़वा पहुंचे, तब युवा समाजसेवी दौलत सोनी सहित कई स्थानीय लोगों ने रेलवे स्टेशन पर उनका भव्य स्वागत किया। फूल-मालाएं पहनाकर, मिठाई खिलाकर और जयघोष के साथ हर खिलाड़ी का मनोबल बढ़ाया गया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में सोनम कुमारी (40 किग्रा यू 15), महेक सिधानिया (45 किग्रा यू 15), अनुराधा कुमारी (+70 किग्रा यू 17), सोनाली कुमारी (45 किग्रा सीनियर), प्रियंका कुमारी (+70 किग्रा सीनियर), अभय कुमार (55 किग्रा यू 17), गणेश कुमार यादव (60 किग्रा सीनियर) और पवन कुमार (75 किग्रा सीनियर) शामिल हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर को लातेहार में नेताओं ने बताया गौरवशाली कदम

आजाद सिपाही संवाददाता







**लातेहार।** लातेहार भारतीय सेना द्वारा हाल ही में किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशभर में गर्व और उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में लातेहार विधायक प्रकाश राम ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन भारतीय सेना के लिए गौरव का दिन है, यह देश के लिए गर्व का क्षण है। ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में निर्दोष लोगों की बर्बरतापूर्वक हत्या का करारा जवाब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। चंदवा के उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने इसे ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि भारत की महिलाओं की मांग का सिंदूर, भारत के सिर का ताज है। ऑपरेशन सिंदूर न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई है, बल्कि यह विश्व शांति की दिशा में भी एक मजबूत संदेश है। भाजपा नेता महेंद्र साहू ने आतंकियों के पूर्व बयान का हवाला देते हुए तीखा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने कहा था कि 'मोदी को बोल देना' और आज पीएम मोदी ने अपना जवाब दे दिया। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत में एक मजबूत सरकार है और यह पाकिस्तान का समर्थन करने वालों के लिए करारा तमाचा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा, पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे। मसूद अजहर के बहावलपुर स्थित ठिकानों पर सटीक हमला किया गया है। खास बात यह रही कि हमारे सभी विमान सुरक्षित वापस लौट आए, जो इस ऑपरेशन की सफलता का प्रतीक है। भाजपा नेता आदर्श रविराज ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पाकिस्तान अब ज्यादा दिन टिकने वाला नहीं है। यह देश कई टुकड़ों में बंटेगा और दुनिया के नक्शे से मिट जायेगा।

## आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई अभाविप ने किया स्वागत



**कांडी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) में किए गए सटीक व निर्णायक हमले का जोरदार स्वागत किया है।अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्रवाई ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण के तहत की गई, जो भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति, राष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षा के प्रति अडिग संकल्प और भारतीय सेना की अदम्य वीरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन यह स्पष्ट करता है कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय गरिमा के साथ किसी भी हाल में समझौता नहीं करेगा। सीमापार आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर भारतीय सेना ने न केवल जवाबी कार्रवाई की, बल्कि यह भी संदेश दिया कि भारत आतंकवाद और जिहादी मानसिकता को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है, जिसने सीमापार आतंक के गढ़ों को ध्वस्त कर देशवासियों का मनोबल उंचा किया है। अभाविप भारतीय सेना की इस ऐतिहासिक कार्रवाई की भूरि-भूरि प्रशंसा करता है।

## घर में लगी आग से डेढ़ लाख की संपत्ति राख

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** मकरी पंचायत के वसेरियालेवा गांव में एक बड़ी घटना के तहत आगजनी से सतेन्द्र राम के घर में लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गयी। पीड़ित सत्येंद्र राम ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में गये हुए थे। घर पर केवल उनकी मंझली बहु सोनी देवी मौजूद थीं। घटना मंगलवार कि रात लगभग डेढ़ बजे की है, जब ग्रामीणों ने उनके घर से आग की लपटें उठते देखा। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मोटर चालू कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर में रखा हुआ सारा अनाज, कपड़े एवं आवास निर्माण के लिए रखा गया लगभग 40 हजार रुपये जल चुके थे। सत्येंद्र राम ने इसे शरारती तत्वों द्वारा लगायी गयी आग की घटना बताते हुए प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## खेल : रोहित शर्मा ने टेस्ट से लिया संन्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर कर रिटायरमेंट की जानकारी दी। टी-20 से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित वनडे खेलना जारी रखेंगे। बुधवार शाम को रिपोर्ट्स आई थीं कि उन्हें इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट कप्तानी से हटाया जायेगा, जिसके बाद उन्होंने रेड बॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

**सपोर्ट के लिए धन्यवाद :** रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, 'हैलो, मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले रहा हूं। रेड बॉल क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गौरव का पल रहा। प्यार और सपोर्ट के लिए सभी का धन्यवाद। मैं वनडे फॉर्मेट खेलना जारी रखूंगा।'









































## पाक आतंकवादियों पर हमला कर भारतीय सेना ने पहलगाम का बदला लिया : जैलेंद्र



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर सफलतापूर्वक किये गये ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अनगड़ा के गेतलसूद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाते हुए जुलूस निकाला। इसका नेतृत्व भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी की। इस मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम घटना का बदला ले लिया गया। ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे विश्व को भारत की सैन्य ताकत का एहसास करा दिया है। पाकिस्तान को यह सबक सिखाना जरूरी था। अब समय आ गया है कि संपूर्ण जम्मू काश्मीर हमारे पास हो। पीओके को भारत में मिलाया जाये। इस अवसर पर बिनोद चौधरी, अजय प्रसाद, गणेश लोहरा, वीचा उरांव आदि उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल में एयर स्ट्राइक से बचाव के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बुधवार को छात्रों को एयर स्ट्राइक की स्थिति में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीकों के बारे में जागरूक करने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। स्कूल प्रशासन द्वारा आयोजित इस अभ्यास का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को ऐसी अप्रत्याशित और गंभीर स्थिति के लिए तैयार करना था। मॉक ड्रिल के दौरान, सायरन बजाया गया और छात्रों को शांत रहने और शिक्षकों द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर, छात्रों को एयर स्ट्राइक से संबंधित वीडियो भी दिखाये गये, जिनमें उन्हें वास्तविक समय में ऐसी स्थितियों का सामना करने और सुरक्षित रहने के बारे में जानकारी दी गयी। वीडियो के माध्यम से, छात्रों को यह भी समझाया गया कि हमले के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और कैसे प्राथमिक चिकित्सा प्राप्त की जा सकती है। स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों की सुरक्षा स्कूल की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस प्रकार के मॉक ड्रिल उन्हें किसी भी आपात स्थिति के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह मॉक ड्रिल छात्रों के बीच सुरक्षा और जागरूकता की भावना पैदा करने में सफल रहा।

## कार की चपेट में आने से एक युवक घायल

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर तुता मोड़ के पास एक अनियंत्रित कार के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे तत्काल मिलन चौक के माधुरी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार कुकड़ु निवासी सीकारी कुंहार,उम्र 15 वर्ष अपने गांव कुकड़ु से बोड़ा में एक शादी समारोह में जा रहा था, तभी रांगामाटी कि ओर से सिल्ली की ओर जा रहे एक अनियंत्रित कार का चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## रॉयल एफसी ने जेएफसी को 2-0 से हराया, मैन ऑफ द मैच ईश्वर मुंडा बने



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना का एकमात्र बहुचर्चित फुटबॉल लीग ग्रुप बी का 30वां मैच जे एफसी बुंडू और रॉयल एफसी के बीच जीएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। दोनों टीम बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। ईश्वर मुंडा के दो गोल के बदलत रॉयल एफसी ने जेएफसी बुंडू को 2-0 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच ईश्वर मुंडा को झारखंड रेफरी करम मुंडा ने सम्मानित किया। मैच का संचालन गोखेन मुंडा, महावीर पुराण, रजेश मुंडाऔर समीर मुंडा ने किया। इस अवसर पर जॉन कमल, मुखिया हरीश चंद्र मुंडा, करम मुंडा एवं पीपीएस के सदस्यों के अलावे दर्शक उपस्थित थे।

## पानी किल्लत को लेकर आजसू पार्टी ने किया प्रदर्शन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी में पानी की किल्लत को लेकर मंगलवार को आजसू पार्टी ने प्रदर्शन किया। मौके पर आजसू पार्टी के जिला सचिव मुतेर्जा आलम ने आरोप लगाया है कि प्रखंड के पश्चिमी पंचायत में वित्त आयोग के द्वारा निर्मित सोलर जल मीनार पिछले तीन वर्षों से खराब पड़ा है। किंतु पंचायत के मुखिया पंचायत समिति सदस्य स्वच्छता की नयी योजना की राशि से नाली का निर्माण का करा रहे हैं। उन्होंने चेताया है कि एक सप्ताह के अंदर खराब जल मिनारों को दुरुस्त नहीं किया जाता हैं तो आजसू पार्टी आदोलन कर प्रखंड मुख्यालय का घेराव करेगा। कार्यक्रम में, मंगरा उरांव, मो मंजूर अंसारी, तौसीफ आलम, बजरंग महली, सुमित महली, विशेश्वर माली, गणेश महली, मुन्नी देवी राशिद आलम बालों उरांव, आशीष महली सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन जीयें: धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित धीरज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हमें भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण के जीवन से जीने की कला सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्णा ने जो कहा है कि उसे अपने जीवन में उतारें और उनकी वाणी और गीता के अनुसार जीवन जीये। आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मंगलवार को खूंटी के प्रसिद्ध व्यवसायी ओमप्रकाश भला के आवास पर चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को व्यास से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान श्रीहरि के वामन अवतार, राम अवतार, कृष्ण अवतार आदि का वर्णन किया। संगीतमय प्रवचन के दौरान भक्त झूमने लगे। मौके पर श्रीराम जन्मोत्सव और कृष्णा जन्मोत्सव की झांकियां प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में यजमान के रूप में ओम प्रकाश भाला, उनके अनुज जय भाला श्रीभाला उपस्थित थे। मौके पर ओम प्रकाश राठी, बृजमोहन ज, वासुदेव भाला, कृष्ण भगत, सुनील साहू, भीम साहू, रूपेश जयसवाल, ज्योतिष भगत, विशाल साहू, माधव भाला राजकुमार भाला, वीणा पटेल, करुणा देवी आदि मौजूद थे।

# केंद्र सरकार को सरना कोड लागू करना ही होगा : सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि सरना कोड लागू करने की मांग को लेकर हम लड़ेंगे और जीतेंगे भी। केंद्र सरकार को हर हाल में सरना कोड को लागू करना होगा। इसी मांग को लेकर नौ मई को आहूत धरना-प्रदर्शन को हमें सफल बनाना है। विधायक बुधवार को यहां आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक का आयोजन केंद्रीय समिति के निर्देश पर किया गया था। विधायक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि धरना-प्रदर्शन में अधिक-अधिक संख्या ग्रामीणों कों लाये और कार्यक्रम कों सफल बनायें। उन्होंने कहा कि हम भगवान बिरसा मुंडा की धरती के रहनेवाले हैं। हम सभी आदिवासी-मूलवासी को मिलकर इस लड़ाई को लड़ना है और सरना धर्म कोड को लागू कराना है। उन्होंने कहा कि मैं तोरपा का विधायक जरूर हूं और आपके हर सुख-दुःख में आपके साथ खड़ा रहूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि हमारे केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा जो निर्देश प्राप्त हुआ है, उस कार्यक्रम को हमें सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि जब तक हमें सरना कोड नहीं मिलता है, तब तक हम जातीय जनगणना नहीं होने देंगे। बैठक में खूंटी विधायक के प्रतिनिधि डिक्शन पूर्ति, तमाड़ विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, जिला सचिव सुशील पाहन, कमलेश महतो प्रदीप केशरी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## यह दिन सैनिकों के शौर्य को समर्पित है: सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय सेना ने देर रात्रि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में बड़ी कार्रवाई किया है। जहां सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी कैंपों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। मांडर विधानसभा के भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने इस कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति सफल रही। इससे पूरे देश में खुशी का माहौल है। यह दिन सैनिकों के शौर्य को समर्पित है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भारत को कोई छेड़ेगा तो वे उसे छोड़ेंगे नहीं। देश के युवा और देश के हर तबके के लोग आतंकियों और पाकिस्तान समर्थित षड्यंत्रकारियों के खिलाफ हैं। आतंकियों ने लोगों से उनका नाम पूछकर गोली मारी थी और तब से ही पूरे देश में एक अलग तरह का उबाल था। चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, सिख हो या इसाइ हो, सभी भारतीयों ने एक स्वर में भारत सरकार से मांग की थी कि इन आतंकियों को किसी भी कीमत पर खत्म किया जाये और आतंकियों को पनाह देने के लिए भारत पाकिस्तान को सजा दे।

## तमाड़ नीचे टोली की महिला की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत

**तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ नीचे टोली की एक महिला मीनाक्षी देवी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। मीनाक्षी के पिता लालधारी मांझी ने तमाड़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा पोस्टमार्टम के बाद देर शाम शव को दफनाया गया। लिखित शिकायत के अनुसार आठ साल पुर्व मीनाक्षी खुटी मेराल की शादी रौनक अधिकारी के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति, ससुर और अन्य प्रताड़ित किया जाता था। वह अपने पिता को इसकी जानकारी देती रहती थी और वह पुरी तरह मानसिक तनाव में रहती थी। इसलिए मेरी बेटी को मार डाला गया, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।**

## राधारानी मंदिर में मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंड।** पांच परगना के हृदयस्थली बुंडू का श्री श्री राधा रानी मंदिर ऐतिहासिक धरोहर है। इस मंदिर में साक्षात कृष्ण भगवान अवतरित हुए थे। इतिहास में वर्णित तथ्यों के अनुसार 400 वर्ष पुराना मंदिर है। पांच परगना का आस्था का केंद्र बिंदु है, पूरे इलाके में नवरात्रि के दौरान मीट मछली अंडा वर्जित रहता है। पांच परगना के लोगों का बरसों से नवरात्रि का इंतजार रहता है और सच्चे मन से कृष्ण भगवान से मन्नत मांगने पर मनौती पूर्ण होती है। जब पंच परगना में राजा रजवाड़े ठाकुरों का युग चलता था, उसे समय गाय, बैल, बकरियों को चराने वाले चरवाहा होते थे। इसी मोहल्ला (नवरात्रि टोली) मैं एक चरवाहा भोला घासी का पूर्वज रासु घासी एक बहुत अच्छे बांसुरी वादक थे। वह चरवाहा थे पूरे मोहल्ले और अगल-बगल के पशुओं को एकत्रित कर सूर्य मंदिर के पास एक जगह बुंडूडीह नामक जगह पर रोज मवेशी चराने ले जाता था। एक बार की घटना है की चराते-चराते एक पेड़ के नीचे अंतध्यन होकर बांसुरी बजा रहे थे, उसी क्रम में वह अंतध्यान मन से देख रहे थे कि साक्षात राधा कृष्ण झूला-झूल रहे हैं। उसी क्रम में अंतर्ध्यान मन से ही कृष्ण को पकड़ लिया, लेकिन राधा वहां नहीं थी वह डरते-डरते कृष्ण को अपने घर ले आयी, उसके पास कृष्ण जी को रखने के लिए गरीबी के कारण काफी समस्या थी। अंत में एक टोकरी में कृष्ण को तुलसी मंच के पास टोकरी को ढक कर रख दिये अब समस्या यह थी कि भगवान को नित्य प्रतिदिन भोग कैसे लगे। उन्होंने सच्चे मन से जो स्वयं कहते थे उसे ही वह सुबह शाम बना कर देते थे। उसी को वह खाते थे जैसे सुबह में चूड़ा मिश्री गुड दोपहर में दाल भात सब्जी फिर रात्रि में दूध चुरा को भोग लगाने के के बाद स्वयं भी कहते थे। और आज भी उसी परंपरा से भोग लगता है, सप्ताह भर बाद ठाकुर साहब को स्वप्न से पता चला की रासु घासी के पास कृष्ण जी की मूर्ति है। उन्होंने रासु घासी को बुलाया और उससे पूछताछ की रासु घासी ने सारे घटनाक्रम को सच-सच बता दिया।

## उपायुक्त ने किया न्यू बस स्टैंड और सहयोग विलेज का निरीक्षण, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुधवार को खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में निमार्णाधीन न्यू बस स्टैंड, खूंटी प्रखंड की कार्यरत संस्था सहयोग विलेज द्वारा संचालित बाल गृह, आशा किरण बालिका गृह, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कालामाटी आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नगर पंचायत क्षेत्र में बन रहे न्यू बस स्टैंड का जायजा लिया। उन्होंने बस पार्किंग, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, लाइट आदि की समुचित व्यवस्था का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने संस्था सहयोग विलेज द्वारा संचालित बालगृह का निरीक्षण किया। संस्था के सचिव अमृत तोपनो ने बताया कि बालगृह में 50 बच्चों के रहने की क्षमता है। विशेष देखभाल वाले सात बच्चों के लिए विशेष इकाई संचालित की जा रही है, जिसमें विशेष शिक्षक एवं नर्स की व्यवस्था है। गुटजोड़ा स्थित आशा किरण बालिका गृह का भी निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने बिरहू ऊपर टोली एवं बड़का टोली स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार एवं प्रारंभिक शिक्षा की स्थिति का निरीक्षण किया। वहीं मौके पर उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ को भी आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कालामाटी का दौरा किया एवं जेइ एडवांस परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स दिये। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**
**FOR RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 03/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work Construction for the Extension of (G+5) Office Building at Jharkhand Public Service Commission, Ranchi for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/ Suppliers/ Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :– (1) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 14-05-2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 15-05-2025 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।
(4) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8527519262
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer
Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi

PR.NO.351885 Building(25-26):D



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03 वर्ष 2025–26
D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 15.05.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 16.05.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 16.05.2025 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत पाण्डेयपुरा में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कढ़िमा लातेहार का मरम्मति कार्य। | 24,08,900 | 48,500 | 5,000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 351853 Rural Development(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
(जिला खनिज न्यास संस्थान– DMFT), (द्वितीय आमंत्रण)

निविदा सूचना संख्या - 01/2025-26 (2nd Call) दिनांक – 07.05.2025

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.05.2025 के अपराहन 2.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.05.2025 के अपराहन 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 15.05.2025 के 11.00 बजे पूर्वाहन।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।

| क्र० सं० | योजना का नाम | योजनाओं की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of High yield Drilled Tube Well (HYDT) with supply & installation of Electrical submersible motor pump set 1.5 HP with rising pipe line upto existing water tank, distribution network with stand post etc. PHE work at Kasturba Gandhi Balika Vidhyalaya, Kolebira. | 01 अदद | 5.38393 | 0.11000 | 0.01250 | 03 माह |
| 2 | Construction of High yield Drilled Tube Well (HYDT) with supply & installation of Electrical submersible motor pump set 1.5 HP with rising pipe line upto existing water tank, distribution network with stand post etc. PHE work at Kasturba Gandhi Balika Vidhyalaya, Bolba. | 01 अदद | 5.56573 | 0.11000 | 0.01250 | 03 माह |

नोट :– 1. संवेदक का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत निबंधन एवं UCAN तथा GST में Registration अनिवार्य है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य राश्ट्रीयकृत बैंक (जिसका शाखा सिमडेगा जिला में हो) से निर्गत ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त होना चाहिए एवं सिमडेगा शाखा में भुगतेय होना अनिवार्य है।
3. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
4. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सिमडेगा

PR 351895 Simdega(25-26)#D



**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।**
**बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को आम सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रमांक 1 से 12 का वित्तिय वर्ष 2025–2026 के लिए बन्दोवस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन दिनांक 16.05.2025 का 3:00 पूर्ववाहन बजे से नगर निगम सभागार में आयोजित की जायेगी इच्छुंक व्यक्ति दिनांक 08.05.2025 से 15.05.2025 तक नगर निगम कार्यालय में आवेदन के साथ शुल्क जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते है:–

| क्र.स. | सैरात का नाम | अवधि | बन्दोवस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राईवेट टैक्सी स्टैण्ड की निलामी। | 2025–2026 | 7,90,200/– | 79,020/– |
| 2 | मालवीय मार्ग दक्षिण मुख्य नाला स्लैब पर टैम्पु वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 1,13,400/– | 1,13,40/– |
| 3 | गुरू गोविन्द सिंह पार्क के सामने दोनो तरफ वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 2,92,500/– | 2,92,50/– |
| 4 | बैंक ऑफ बडौदा के समाने दो पहिया वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 70,875/– | 7,100/– |
| 5 | सरकारी बस स्टैण्ड की निलामी। | 2025–2026 | 4,32,000/– | 43,200/– |
| 6 | स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया मुख्य षाखा के सामने वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 1,69,155/– | 16,915/– |
| 7 | आनन्दा कॉलेज गेट से गिरधारी साव के घर तक वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 2,59,200/– | 25,920/– |
| 8 | बैक ऑफ इण्डिया के समीप वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 65,475/– | 6,550/– |
| 9 | इन्द्रपूरी से पुलिस लाईन के बीच पष्चिम तरफ की वाहन पडाव निलामी। | 2025–2026 | 1,06,200/– | 10,620/– |
| 10 | पोस्ट ऑफिस के सामने दो पहिया की वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 56,250/– | 5,625/– |
| 11 | त्रिमूति चौक के पास वाहन पडाव निलामी। | 2025–2026 | 2,69,100/– | 26,910/– |
| 12 | काली बाडी सब्जी बाजार | 2025–2026 | 12,15,900/– | 1,21,590/– |

–डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त नगर निगम, हजारीबाग के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा हजारीबाग में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
–किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर निगम को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
–यदि उक्त डाक के संबंध में एक ही आवेदन प्राप्त होता है तो पूर्व मे किये गये बन्दोबस्ती की राशि में 5% राशि की वृद्धि करते हुए बन्दोबस्ती किये जाने हेतु विचार किया जा सकता है।
–सफल डाकवक्ता द्वारा बिना निगम कार्यालय के सहमति के स्वीकृत डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बन्दोबस्ती लेने से इन्कार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरूद्ध कडी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जायेगी।
–डाक की शेष नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग।

PR 351830 Urban Development and Housing (25-26)D

## वितरण कार्य में सुधार लाये डीलर : बीडीओ



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड सभागार में बुधवार को आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में डीलरों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में इ-केवाइसी, ग्रीन कार्ड, राशन वितरण, अनुपस्थित डीलरों के स्पष्टीकरण और कम वितरण करने वाले डीलरों के वितरण प्रतिशत बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने डीलरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और वितरण कार्य में सुधार लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डीलरों को अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से करने की आवश्यकता है, ताकि प्रखंड के विकास कार्यों में गति मिल सके। वहीं बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले चार डीलरों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा कि चैनपुर प्रखंड में इ-केवाइसी काफी कम हुई है, सभी डीलरों को ज्यादा से ज्यादा इ-केवाइसी करने की आवश्यकता है। कम इ-केवाइसी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी काफी नाराज नजर आए और उन्होंने डीलरों को फटकार भी लगायी। उन्होंने कहा कि डीलरों को अपने कार्यों को गंभीरता से लेना होगा और प्रखंड के विकास में योगदान देना होगा। बैठक में चैनपुर प्रखंड के कई डीलर उपस्थित थे। सभी ने मिलकर प्रखंड के विकास के लिए अपने सुझाव दिये और आवश्यक निर्णय लिये। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सभी डीलरों को मिलकर प्रखंड के विकास के लिए काम करना होगा।

## खरसावां पुल 13 वर्षों से अधूरा पड़ा, बरसात में लोगों का मुख्यालय से टूट जाता है संपर्क

**खरसावां (आजाद सिपाही)।** सरायकेला से खरसावां के बीच संजय नदी पर पथ निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया 110 मीटर लंबा आरसीसी पुल बीते 13 वर्षों से एप्रोच रोड के अभाव में बेकार पड़ा है। बरसात में खरसावां के लोगों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है। इस जनसमस्या को लेकर झारखंड लीगल एडवाइजरी एंड डेवलपमेंट ऑगेनाईजेशन (जलाडो) ने झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। 6 मई 2025 को मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र और जस्टिस राजेश शंकर ने सुनवाई की। पथ निर्माण विभाग ने कोर्ट को बताया मार्च 2025 में टेंडर हो चुका है, अगस्त तक कार्य पूर्ण होगा। लेकिन जलाडो की ओर से अधिवक्ता मनोज चौबे ने प्रस्तुत किया कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार को एप्रोच रोड की रिपोर्ट दायर करने का आदेश दिया। अगली सुनवाई 7 अक्टूबर 2025 को तय की गयी। जलाडो एक सामाजिक संस्था है जो जनहित में कार्यरत है।

# टाटा स्टील में नागरिक सुरक्षा की तैयारी को लेकर मॉक ड्रील हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नागरिक सुरक्षा की तैयारियों को लेकर दिये गये दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में टाटा स्टील जमशेदपुर ने बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे एक आधे घंटे मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह मॉक ड्रिल पावर हाउस-3 विभाग द्वारा आयोजित की गयी। जिसमें एलडीओ (लाइट डिजल ऑयल) टैंक में आग लगने की काल्पनिक स्थिति को दर्शाया गया। यह अभ्यास एलडीओ. इंस्टॉलेशन क्षेत्र में किया गया। जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में कर्मचारियों की प्रतिक्रिया क्षमता और सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता को परखना था। इस अभ्यास से संबंधित एक रिपोर्ट निरीक्षक, फैक्ट्री (इंस्पेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज), जमशेदपुर को प्रस्तुत की गई।टाटा स्टील नागरिक सुरक्षा और औद्योगिक सुरक्षा मानकों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं अभ्यास आयोजित करता रहता है। ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में तत्परता और कुशल प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंक के ठिकानों पर तिरंगे की गूंज : आनंद बिहारी दुबे



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने सेना के कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। अब जब हमारी सेना ने 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया देश का सिर गर्व से उंचा होगया। उन्होंने कहा स्वयं एक सैनिक रहा, आज की जवाबी कार्रवाई ने मेरे रक्त में जोश भर दिया। हम शांति चाहते हैं, लेकिन कायर नहीं हैं। श्री दुबे ने बताया कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने एआइसीसी की बैठक में आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदमों के लिए केंद्र सरकार को पूरा समर्थन देने की बात कही है।

## भारत ने पाकिस्तान को आतंकी हमले का सटीक और कड़ा जवाब दिया : सरयू राय



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जदयू विधायक सरयू राय ने कहा है कि भारत ने पाकिस्तान द्वारा किये गये आतंकी हमले का सटीक और कड़ा जवाब दिया है। इससे भारतीय राजनीतिक नेतृत्व और तीनों सेनाओं की प्रतिष्ठा बढ़ी है। आम जनता में साख बढ़ी है। भारत की जनता जो चाहती थी, उसे प्रधानमंत्री और हमारी सेनाओं ने करके दिखा दिया। यह पाकिस्तान के लिए एक बड़ा सबक है। अगर पाकिस्तान यूं ही बढ़-चढ़ कर बातें करता है तो भारत को पाकिस्तान पर हमला कर देना चाहिए। हमले में जो जमीन हासिल हो, उसे वापस नहीं करना चाहिए। विधायक राय ने कहा कि इस हमले में जो भी जमीन हासिल हो, उसे वापस नहीं करना चाहिए। वह भी 1965 और 1971 की तरह। सीमा के उस पार जितना बड़ा संकट है, उससे बड़ा संकट देश के भीतर है। सीमा और सीमा के पार के संकट से तो सेना निपट लेगी, लेकिन देश के अंदर जो संकट है, उसके लिए जनता को तैयार रहना पड़ेगा।

## झामुमो जिला संयोजक मंडली की बैठक सरना धर्म कोड लागू करने की मांग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मंडली की एक बैठक कदमा शहीद निर्मल महतो सामुदायिक भवन में आयोजित की गई।बुधवार को संयोजक प्रमुख बाघराय मार्डी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झामुमो केन्दीय सामिति व जिला सामिति के सैकड़ो नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर पहलगांव (जम्मू-कश्मीर) में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भगिना कपूर बागी के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक का संचालन सुनील कुमार महतो ने की। मौके पर सभी के सहमति से आगामी 9 मई को सरना धर्म कोड की मांग को लेकर जिला मुख्यालय में 10 हजार लोगों के साथ भव्य प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया प्रदर्शन की पूर्व संध्या पर साकची गोलचक्कर (बिरसा मुंडा चौक), कीनन स्टेडियम रोड, अंबेडकर चौक, मरीन ड्राइव चौक एवं जुबली पार्क गोलचक्कर में झामुमो का झंडा फहराया जायेगा।

## दो बाइकों की टक्कर में महिला घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित गम्हरिया के समीप बाइक सवार दंपति को पीछे से एक बाइक टक्कर मार दिया। घटना के बाद मंगलवार की रात 9 बजे स्थानीय लोगों ने ऑटो से घायलों को सदर अस्पताल भेजा। घटना में बुढ़मू थाना क्षेत्र के मुरुकीरी गांव निवासी रंथी देवी को गंभीर चोट लगी। वही उसके पति और बच्चे को मामूली चोट लगी। घटना में बाइक में सवार दो लोग भी गिरकर घायल हुए लेकिन उठकर तेजी से घाघरा की ओर फरार हो गये।

## मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त नियंत्रण जरूरी है : आइजी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के आईजी अखिलेश कुमार झा ने सरायकेला दौरे के दौरान आयडा भवन स्थित एसपी कैंप कार्यालय में समीक्षा बैठक की। बुधवार को बैठक में उन्होंने आदित्यपुर थाना क्षेत्र के एनडीपीएस एक्ट से संबंधित लंबित मामलों की गहन समीक्षा कर त्वरित निष्पादन और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये। आईजी ने कहा मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त नियंत्रण जरूरी है। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान, यातायात संकेतों की मरम्मत और गश्ती बढ़ाने पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। आइजी के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और पुलिस बल ने औपचारिक स्वागत किया। मौके पर एसपी, एसडीपीओ, प्रशिक्षु डीएसपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।






## बेलागढ़ा निवासी मधु उरांव पर ग्रामीणों ने अवैध मकान बनाने का लगाया आरोप, सौंपा आवेदन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलागाढ़ा गांव के एक सड़क की जमीन पर बेलागढ़ा गांव निवासी मधु उरांव ने बलपूर्वक अपना पक्का मकान बनाने का प्रयास में जूटा हुआ है। जिसकी शिकायत करते हुए ग्रामीणों द्वारा घाघरा अंचलाधिकारी को आवेदन देकर इसमें रोक लगाने के लिए निवेदन किया गया है। आवेदन में बताया गया है कि जिस भूमि पर अवैध पक्का मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, उक्त जमीन पर बहुत पुराना कच्चा रास्ता करीब 35 से 36 फीट का अवस्थित है। वर्तमान में टोटाम्बी से बेलागढ़ा होते हुए सिसई जाने के लिए सरकार के द्वारा उसे आम रास्ता का पक्कीकरण किया जा चुका है। वहीं टोटाम्बी से बेलागढ़ा रास्ता प्रवेश करते ही रास्ते के उत्तर तरफ शेष सरकारी सड़क का जमीन है इस रास्ते से घाघरा से बेलागढ़ा जाने वाला रास्ता भी मिलता है। इस स्थान से सटे रोड के उत्तर तरफ बेलागढ़ा गांव के मधु उरांव बलपूर्वक सरकारी सड़क के शेष भाग में करीब 5 डिसमिल जमीन पर लगभग 25 दिन पहले मकान का निर्माण करवाने के लिए नींव खुदवाया जा रहा था। जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया गया। साथ ही घाघरा सीओ को लिखित जानकारी दी गयी। निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया है।

## जामटोली में सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुहीपाट जामटोली गांव में सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गया। घायलों में खंभिया ग्राम निवासी लक्ष्मण महली, रोशन लोहार के नाम शामिल है दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा दोनों का इलाज किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार होकर लक्ष्मण रोशन उसके एक अन्य साथी लुकइया केवट खम्भिया गांव से कुहीपाट जामटोली शादी घर आया था। मोटरसाइकिल से वापस तीनों लौट रहे थे। इसी क्रम में जामटोली के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरे जिससे दोनों घायल हो गये जबकि उनके एक लुकैया को कोई चोट नहीं लगी।

## अंडर 23 डिस्टिक महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुमला की टीम देवघर पहुंची



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा अंडर 23 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में राज्य भर की टीमें भाग लेंगी। गुमला से कोच ज्ञान प्रकाश के नेतृत्व में गुमला अंडर 23 महिला की टीम बुधवार की शाम देवघर के रवाना हुई। देवघर में 9, 10 और 12 मई को गुमला का मैच निर्धारित है। वही 15 और 16 मई को गुमला की टीम दुमका में अपना मैच खेलेगी। गुमला जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारी और खेलप्रेमियों ने महिला टीम को शुभकामना देते हुए देवघर के लिए रवाना किया। टीम में मेघा तिर्की, दयंती लकड़ा, अलीशा तिर्की, श्वेता कुमारी, पूजा कुमारी, संजना कुमारी, सीमा कुमारी, मुनिता कुमारी, आंचल कुमारी, प्रेरणा कुमारी, अंतरा कुमारी, अनुष्का यदुवंशी, श्वेता कुमारी, शिमला कुमारी, अनामिका उरांव और प्रीति कुमारी शामिल है।


## हमें भारतीय सेना और अपने वीर जवानों पर गर्व है : मंगल कालिंदी




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा देर रात पाकिस्तान में किए गए सफल हवाई हमले पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सेना के साहस और पराक्रम की सराहना की। विधायक ने कहा भारत ने आतंकी ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाकर आतंकवाद को करारा जवाब दिया है। पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या के विरोध में एयर स्ट्राइक से कई आतंकवादी भी ढेर हुए है। उन्होंने कहा हमें भारतीय सेना और अपने वीर जवानों पर गर्व है। उनका साहस हर भारतवासी का विश्वास है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष भारतीयों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।







# हमें भारतीय सेना पर गर्व है : ब्रजेंद्र सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान के आतंकवादियों ने पहलगाम में मासूमों की जान ली थी। आज भारतीय सेना ने आतंकवादियों के घर में घुसकर मारा है। भारतीय सेना पर पूरे देश को गर्व है। पूरा विश्वास है कि जो बचे हुए आतंकवादी हैं हमारी सेना पाकिस्तान में घुसकर उनका भी सफाया करने में कामयाब होगी। प्रदेश कांग्रेस की तरफ से मैं भारतीय सेना को साधुवाद देता हूं। कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ पूरा देश एक है। कांग्रेस भी चाहती है कि वैसे लोग जो मासूमों को हमारे यहां आकार हत्या करते हैं वह किसी भी कीमत पर ना बचें।

# मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया ने देखी नये भारत की ताकतः नित्यानंद मंडल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के 15वें दिन भारत सरकार ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय सेना ने मंगलवार की देर रात पाकिस्तान में घूसकर उसके नियंत्रण वाले पीओके में स्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद और हिजबूल मुजाहिदीन के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खूब सराहना की और धन्यवाद दिया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद जो कहा वह पूरा किया है। भारतीय सेना ने पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तानी में घुसकर आतंकी ठिकानों को तबाह किया है। मोदी जी के नेतृत्व में यह नए भारत की नई ताकत है। जो भी भारत की तरफ आंख दिखाएगा,उसको ऐसा ही मुहतोड़ जबाब दिया जायेगा।

# एयर स्ट्राइक के बाद जश्न का माहौल बैद्यनाथ धाम में पुजारी ने बांटी मिठाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** पुलवामा हमले के जवाब में भारतीय वायुसेना द्वारा की गयी एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। इसी क्रम में देवघर स्थित प्रसिद्ध बैद्यनाथ धाम मंदिर के पुजारी दीनबंधु परिहस्त ने मंदिर परिसर में मिठाई बांट कर अपनी खुशी का इजहार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर हाथ में लेकर पुजारी ने 'ऑपरेशन सफल हुआ' के नारे लगाये और श्रद्धालुओं के बीच मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवादियों के घर में घुस कर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया है। पूरे देश की 140 करोड़ जनता की उम्मीदें उन पर टिकी थीं और उन्होंने उन्हें पूरा किया। बैद्यनाथ धाम में देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा।

# भाजपा युवा मोर्चा ने की आतिशबाजी



**देवघर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, देवघर ने आज टावर चौक पर जोरदार आतिशबाजी कर आतंक के आकाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की खुशी मनायी। मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष आशीष दुबे के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आशीष दुबे ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हमला करने वाले दोषियों को चुन-चुन कर सजा दी जा रही है। यह देश की सुरक्षा और न्याय प्रणाली की बड़ी सफलता है। भाजपा युवा मोर्चा ने इस मौके पर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए नारेबाजी भी की और देश की अखंडता एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता जतायी। मौके पर सैकडों भाजपाई मौजूद थे।

## नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नगर निगम ने बुधवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।यह अभियान विनोद बिहारी चौक से झारखंड मोड़ तक चलाया गया, जिसमें सड़क और नाली पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले सैकड़ों दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। बतातें चलें कि विश्व बैंक के सहयोग से बने आठ लेन सड़क पर अतिक्रमण की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसे देखते हुए निगम के प्रबंधक के आदेश पर दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया। नगर निगम के इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि यह कदम शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने और सार्वजनिक संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से उठाया गया है। वहीं, कई दुकानदारों ने विरोध किया लेकिन प्रशासनिक दल ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया।

# अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

## शहरों में जाकर करते थे बाइक चोरी, आठ बाइक भी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये बाइक चोर गिरोह के सदस्यों की जानकारी देते पुलिस के अधिकारी।

**धनबाद/टुंडी।** पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के पोखरिया मोड़ के पास मंगलवार की देर रात पुलिस की ओर से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रात करीब एक बजे एक बाइक सवार की संदिग्ध गतिविधियां पाये जाने पर उसे रोक कर पूछताछ की गयी। उसने अपना नाम सनातन हेम्ब्रम। उसके पास बाइक का कोई वैद्य कागजात नहीं था। पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की, तो बताया कि वह चोरी की बाइल है। जिसे जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के लखनपुर के रहने वाले रफीक अंसारी उर्फ गुड़ी से 10 हजार रुपये में खरीदी है। उक्त सूचना पर पूर्वी टुण्डी थाना प्रभारी ने तुरंत नारायणपुर थाना से संपर्क कर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद रफीक अंसारी उर्फ गुड़ी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसने बताया कि उसका चार-पांच लोगों को गिरोह है, जो विभिन्न स्थानों से वाहन चोरी करते हैं। फिर अपने गैरेज में चोरी की बाइक का नंबर प्लेट, इंजन नंबर और चेचिस आदि नंबर को बदल कर बाइक को 10 से 15 हजार रुपये में बेच दिया करते है। पुलिस को पता चला कि उसके साथियों के पास से चोरी के 7-8 बाइक बेचने के लिए तैयार रखा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने रफीक अंसारी की निशानदेही पर दलदली ग्राम के गोपालडीह टोला निवासी राजीव मुर्मू के घर से तीन. चितरंजन टुडु के घर से एक और गोविंदपुर थाना क्षेत्र के चपापुर दलदली ग्राम निवासी सोना राम टुडू के घर से चोरी के तीन बाइक बरामद की। लगे हाथ कुल पांच चोरों को गिरफ्तार किया।

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**-: आम सूचना :-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर पंचायत, लातेहार में निबंधित भवन नक्शा के LTP (License Technical Person) लव चतुर्वेदी, निबंधन संख्या– LNPC/ENG/0004/2018 के द्वारा नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत भवन नक्शा पारित कराने हेतु आवेदन या किसी भी प्रकार की राशि LTP लव चतुर्वेदी को किसी भी आमजन के द्वारा यदि दिया गया हो तथा श्री चतुर्वेदी के द्वारा नक्शा पारित कराने हेतु प्रारंभिक प्रक्रिया अबतक नहीं अपनाई गई हो तो वैसे आमजनो से अनुरोध है कि आम सूचना प्राकशित होने की तिथि से एक सप्ताह के अंदर संबंधित LTP (License Technical Person) के विरूद्ध प्रमाणक के साथ आवेदन देकर नगर पंचायत, लातेहार कार्यालय को अवगत कराना सूनिश्निचत की जाय ताकि संबंधित LTP के विरूद्ध भवन नक्शा पारित करने की दिशा में नियमानुसार आवश्यक कारवाई की जा सकें।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 351815 (Urban Development)25-26*D

# जिप सदस्या ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से की राशन कार्ड सुधार करवाने की मांग




**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जिप सदस्या सुनीता कुमारी ने बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात कर डुमरी प्रखंड में राशन कार्ड से वंचित लोगों का राशन कार्ड शीघ्र बनवाने और जिनके नाम राशनकार्ड में नहीं जुड़ा है, उनका नाम जुड़वाने की अपील की है। जिप सदस्य ने कहा कि कई ऐसे परिवार जिनकी राशन कार्ड नहीं रहने और नाम नहीं जुड़ने से आयुष्मान भारत के तहत गंभीर बीमारियों के मुफ्त इलाज की सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। इसके अलावा राशनकार्ड में नाम नहीं रहने से मंईयां सम्मान योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। कई ऐसे कार्य हैं जहां राशनकार्ड की अति आवश्यकता पड़ती है। पर राशनकार्ड नहीं रहने से काम नहीं हो पता है।

# सेंट मैथ्यू स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन



**महुआटांड़/बेरमो।** ललपनिया के बैंक मोड़ स्थित सेंट मैथ्यू स्कूल में केंद्र एवं राज्य सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देश के आलोक में बुधवार को मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय के बच्चों को युद्ध की स्थिति में होने वाले हवाई हमले के दौरान सुरक्षित बच निकलने एवं रहने के उपाय बताए गए हैं। विद्यालय परिसर में खेल की अवधि के दौरान हुए हमले के बाद तुरंत प्रतिक्रिया दिखाते हुए बचाव के लिए स्कूली बच्चों को सुरक्षित निकालने एवं खुद को सुरक्षित रहने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय की ओर से गणित शिक्षक जैनुल आबेदीन के निर्देश में अन्य शिक्षक एवं शिक्षाओं का योगदान सराहनीय रहा।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–15/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.05.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.05.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.05.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Maintenance and Operation Contract of Fire Alarm System, Fire Detection System and Fire Fighting System Installed in 40 Court Building Ranchi | 4990600 | 99900 | 5000 | 12 Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR.NO.351901 Building(25-26):D

# रोजगार की मांग को लेकर सिंफर के डिगवाडीह में भाजपा का धरना

**झरिया (आजाद सिपाही)।** सिंफर के डिगवाडीह परिसर में स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं संस्था में कार्यरत नीजि कंपनीयों द्वारा अनियमितता के विरुद्ध मुख्य गेट पर भाजपा के बैनर तले बुधवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसका मकसद स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं संस्था में व्याप्त अनियमित के मुद्दे के प्रति ध्यान आकृष्ट करना था। भाजपा भागा मंडल के मंत्री राहुल सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में भी धरना के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं संस्था में कार्यरत निजी सुरक्षा ऐजेंसी द्वारा बरती जा रही अनियमितता के संबंध में सिंफर के प्रबंधन को अवगत कराया था। लेकिन प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं लिया गया। सिंफर की ओर से जिस भी कंपनी को संविदा पर काम दिया जाता है वह स्थानीय वेंडर और ठेकेदार से अपना कार्य करवाता है जिसमें नियमों की अनदेखी की जाती है। संस्था में कार्यरत निजी कंपनियों द्वारा रोजगार देते समय स्थानीय युवाओं की उपेक्षा की जाती है। जिसका भाजपा विरोध और निंदा करती है। संस्थान के निदेशक से मांग की कि अविलंब जांच कर कार्रवाई की जाये। अन्यथा भाजपा आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# आइसीएसइ में 10वीं टॉपर सिंदरी की पल्लवी पाठक को डॉ स्मृति नागी ने किया सम्मानित



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** डिनोबिली स्कूल की छात्रा पल्लवी पाठक ने आइसीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में स्कूल टॉप किया है। इस पर पर्जन्य बीएड कॉलेज बलियापुर की प्राचार्य सह सिंदरी गुरुद्वारा की पूर्व प्रधान डॉ स्मृति नागी ने मंगलवार की रात पल्लवी को उसके घर जाकर सम्मानित किया। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े होने के कारण डॉ स्मृति नागी ने पल्लवी से जानकारी ली और भविष्य की योजनाओं एवं लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर कई सुझाव भी दिए। इस मौके पर यशपाल कौर, रीता कौर, मनजीत कौर और मीनाक्षी पाण्डेय ने भी आशीर्वाद दिया।

# गश्ती दल पर कोयला चोरों का हमला पुलिस कर्मियों के साथ की मारपीट

## 15-20 कोयला चोरों ने किया एकसाथ हमला

आजाद सिपाही संवाददाता



**कथारा/बेरमो।** कोयला चोरी की सूचना पाकर कथारा क्षेत्रीय गश्ति दल एवं जारंगडीह गश्ति दल बुधवार अहले सुबह 4.15 बजे जारंगडीह कोयला स्टॉक पहुंचे थे। तभी वहां कुछ लोग कोयला चोरी करते दिखे। चोरों की संख्या आठ से 10 की थी। पुलिक की गश्ति दल ने वहां से सभी कोयला चोरों को खदेड़ दिया। इसके बाद वहां से वापिस जाने लगे। तभी करीब 15-20 की संख्या में कोयला चोर बाइक से गश्ति दल का पीछा करने लगें। चोरों ने कथारा गायत्री कॉलोनी के पास जारंगडीह गश्ति दल के वाहनों को घेर लिया और गाली गलौज करते हुए गश्ति वाहन पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। इसमें वाहन का शीशा टूट गया। आरोप है कि कोयाल चोरों ने जारंगडीह सुरक्षा प्रभारी सुरेश राम, सुरक्षा प्रहरी धर्मराज एवं उमेश सिंह के साथ मारपीट भी की है। चोरों ने उन्हें धमकी दी कि यह उनका रोज का धंधा है। उन्हें चोरी करने से कोई रोक नहीं सकता है। कोई कुछ बिगाड़ भी नहीं कर सकता है।

# साइबर अपराध को लेकर बीएसएस महिला महाविद्यालय में चला जागरूकता अभियान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक साइबर संजीव कुमार के नेतृत्व में बुधवार को बीएसएस महिला महाविद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड, सेक्सटार्सन एवं अन्य माध्यमों से सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर किस प्रकार अपराधी ठगी को अंजाम देते हैं इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के तरीके भी बताये गए। डीएसपी साइबर संजीव कुमार ने वर्चुअल वर्ल्ड की नई-नई तकनीकों का दुरुपयोग कर किस प्रकार के नए-नए साइबर अपराध किये जा सकते हैं इसके बारे से विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही छात्राओं को साइबर अपराध का शिकार होने पर हेल्पलाइन-1930 और धनबाद पुलिस से संपर्क करने को कहा। सोशल मीडिया का सही उपयोग करें, अनजान लिंक पर क्लिक ना करने और ऑनलाइन गेम खेलने में भी विशेष सावधानी बरतने को कहा।

## कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा
## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण
## सूचना संख्या – 01/2025-26

जिला परिषद् सिमडेगा में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 विभाग का नाम :–जिला परिशद सिमडेगा
2 विज्ञापन दाता का नाम :–जिला अभियंता, जिला परिशद, सिमडेगा।
3 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–20.05.2025 से 27.05.2025 तक (कार्यालय अवधि में अपराह्न 2:00 बजे तक
4 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–28.05.2025 (पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक)
5 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–29.05.2025 (अपराह्न 2:30 बजे )
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :–कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
7 निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
8 कार्य विवरणी :–

| ग्रुप/ क्र.सं. | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड जलडेगा के ग्राम पंचायत टाटी के ग्राम बड़ीबृंगा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 2 | प्रखण्ड जलडेगा के ग्राम पंचायत कुटुंगिया के ग्राम रामजड़ी अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 3 | प्रखण्ड बांसजोर के ग्राम पंचायत कोम्बाकेरा के ग्राम रोबगा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 4 | प्रखण्ड कुरडेग के ग्राम पंचायत बड़कीबिउरा के ग्राम बड़कीबिउरा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 5 | प्रखण्ड कुरडेग के ग्राम पंचायत कुरडेग के ग्राम छोटकीबिउरा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 6 | प्रखण्ड सिमडेगा के ग्रामपंचायत जोकबहार के ग्राम बेलगढ़ अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 7 | प्रखण्ड सिमडेगा के ग्राम पंचायत गरजा के ग्राम गरजा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 8 | प्रखण्ड ठेठईटांगर के ग्राम पंचायत घुटबहार के ग्राम घुटबहार अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 9 | प्रखण्ड ठेठईटांगर के ग्राम पंचायत कोनमेंजरा के ग्राम कोनमेंजरा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 10 | प्रखण्ड ठेठईटांगर के ग्राम पंचायत टुकूपानी के ग्राम टुकूपानी अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 11 | प्रखण्ड केरसई के ग्राम पंचायत किनकेल के ग्राम किनकेल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (PHC) भवन निर्माण कार्य । | 1,43,00,000.00 | 7,15,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद्, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, सिमडेगा।

PR 351898 Simdega(25-26)D




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**